Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 119 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



चोर धन को नहीं पीटते, धनी को पीटते हैं।

Thieves do not hurt wealth, but they hurt the wealthy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण उपचुनाव, कांग्रेस की रणनीति तय, बड़े नेताओं को दी जाएगी जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर शुरू हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे सहित पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। चुनावी रणनीति तैयार करने के साथ ही नामांकन रैली पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए, जहां पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### इराक में बड़ी कार्रवाई, आईएसआईएस कमांडर समेत 9 आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** इराक में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ जारी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। इराक के सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त अभियान में आईएसआईएस के एक कमांडर और आठ अन्य आतंकवादियों को मार गिराया है। इस अभियान में अमेरिकी सैनिकों ने भी भाग लिया था। इस दौरान दो अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा है कि इराक में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है और सुरक्षा बल आतंकवादियों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पीएम सूर्यघर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ उठाएं : विष्णुदेव साय

**बिजली कर्मचारियों को दीपावली पूर्व 12 हजार रुपए बोनस की घोषणा**





### केशलेस हेल्थ स्कीम के लिए 3 वर्षों का एम.ओ.यू., रूफटॉप सोलर एक्सप्लोरर एप का विमोचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चयनित कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को 12 हजार रूपये तक बोनस/एक्सग्रेसिया दीपावली के पूर्व देने की घोषणा की। साथ ही 'मेरा घर-पीएम सूर्यघर' जनजागरण अभियान की शुरूआत की। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में वर्ष 2027 तक 5 लाख घरों में रूफटाप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का यह त्यौहार रोशनी का त्यौहार है, रोशनी बांटने का त्यौहार है, और विद्युत कर्मियों से बढ़कर भला 'रोशनी बांटने वाला' कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि दीपावली के समय आप लोगों का काम बहुत बढ़ जाता है, लेकिन आपने हर ऐसे अवसर पर बहुत सुंदर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। इस बार भी मुझे आपसे यही आशा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के आव्हान के अनुरूप हमने भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करते हुए एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। आने वाले दिनों में राज्य के कृषि और उद्योग के क्षेत्रों में

### 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र, आगे भी कर्मियों की कमी नहीं होने देंगे

तेज प्रगति होगी। ऐसे में हमें और भी अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विद्युत कंपनियों पर आने वाले समय में दायित्वों का और अधिक भार होगा, इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सभी कंपनियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 375 कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति से जाहिर है कि आगे भी बिजली कंपनियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जनजागरण सामग्रियों का विमोचन तथा लोकार्पण किया। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रूफटॉप सोलर एक्प्लोरर एप का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के घरों के आगे लगने वाली नाम-पट्टिकाओं का वितरण भी कर रहे हैं। यह केवल योजना का लाभ उठाने वालों की नाम-पट्टिका नहीं है। यह प्रदेश के बिजली उत्पादकों की नाम पट्टिका भी है। वे न केवल अपनी जरूरतों की बिजली पैदा करेंगे अपितु अतिरिक्त बिजली का विक्रय कर बिजली विक्रेता भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2027 तक पांच लाख घरों को रौशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सोलर पैनल सप्लाई, इंस्टालेशन और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। सौर ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल से परंपरागत तरीकों से हो रहे उत्पादन पर आने वाला दबाव भी घटेगा तथा हम ग्रीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में सतत बढ़ते रहेंगे। श्री साय ने कहा कि शासकीय भवनों में एवं सार्वजनिक स्थलों में हम अधिकाधिक रूप से सौर ऊर्जा को अपनाएंगे। प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक कृषि पंपों के माध्यम से सिंचाई सुविधा किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया है।

स्वागत भाषण पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी नई ऊर्जा के साथ काम कर रही है। ऐसे में नई नियुक्ति से उपभोक्ता सेवा के कार्य को और बेहतर किया जा सकेगा। कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू की गई, वह काफी सराहनीय है, श्री अग्रवाल ने इसके लिए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव को बधाई भी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायकगण सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, रोहित साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमंत वर्मा, पॉवर कंपनियों के प्रबंध निदेशकगण श्री एसके कटियार, श्री राजेश कुमार शुक्ला तथा श्री भीमसिंह कंवर उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने किया। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने किया।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड सीट से दाखिल किया नामांकन, राहुल और सोनिया गांधी रहे मौजूद



**वायनाड (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। वे पहली बार कोई चुनाव लड़ रही हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इसी के मद्देनजर यहां से कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को मैदान में उतारा है। उन्होंने बुधवार को अपने नामांकन पत्रों के तीन सेट दाखिल किए।

इस अवसर पर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटा भी मौजूद रहा। इसके अलावा उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी दिखीं। प्रियंका के नामांकन के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उम्मीदवार के साथ केवल पांच लोग ही नामांकन के समय मौजूद रह सकते हैं। इसी कारण थोड़ी देर बाद प्रियंका गांधी के पति और उनके बेटे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल चैंबर से बाहर आ गए। प्रियंका गांधी के नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। उन्होंने वायनाड की जिला कलेक्टर मेघश्री के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रियंका ने नामांकन से पहले अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड शो किया और इसके बाद रैली को संबोधित किया, जिसमें कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे। बता दें कि राहुल गांधी ने दो सीटों से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने रायबरेली की सीट को चुना और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। सीपीआई ने इस सीट से सत्यन मोकेरी को मैदान में उतारा है। वे साल 2014 के आम चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे थे। जबकि भाजपा ने यहां से नव्या हरिदास को टिकट दिया है। इससे पहले साल 2019 के आम चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से 4.60 लाख के अंतर से जीत हासिल की थी। वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में तीन जिले आते हैं, जिनमें वायनाड, मलप्पुरम और कोझीकोड शामिल है।

## महाराष्ट्र चुनाव : एनसीपी ने जारी की 38 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**मुंबई (आरएनएस)।** एनसीपी (अजीत पवार गुट) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली उम्मीदवारों की सूची का ऐलान किया है। इस सूची में कुल 38 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी के सहयोगी महागठबंधन में भाजपा और शिवसेना भी शामिल हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष अजीत पवार का है, जो बारामती विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में छगन भुजबल (येवला) और दिलीप वलसे पाटिल (अंबेगांव) शामिल हैं। पार्टी ने पूर्व कांग्रेस विधायकों हीरामन खोसकर को इगतपुरी और शुलभा खोडके को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। खोडके को 12 अक्टूबर को कांग्रेस से निष्कासित किया गया था, जबकि खोसकर ने हाल ही में एनसीपी में शामिल होने की घोषणा की। इससे पहले, एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने भी विधानसभा चुनाव के लिए 45 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

## आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगी : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, कज़ान ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेगी।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की भी समीक्षा की। उनका विचार था कि पृथ्वी के दो सबसे बड़े राष्ट्रों भारत और चीन के बीच स्थिर द्विपक्षीय संबंधों का क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि परिपक्वता और बुद्धिमत्ता के साथ, और एक-दूसरे की संवेदनशीलता, हितों, चिंताओं और आकांक्षाओं के लिए पारस्परिक सम्मान दिखाकर, दोनों देश शांतिपूर्ण, स्थिर और लाभकारी द्विपक्षीय संबंध बना सकते हैं।

सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और अमन-चैन की बहाली हमारे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की राह पर लौटने के लिए जगह बनाएगी। अधिकारी अब हमारे संबंधित विदेश मंत्रियों के स्तर सहित प्रासंगिक आधिकारिक द्विपक्षीय वार्ता तंत्र का उपयोग करके रणनीतिक संचार बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने पर चर्चा करने के लिए अगला कदम उठाएंगे। ब्रिक्स और इस विशेष मंच पर भारत और चीन के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी उनके बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। अंत में, प्रधानमंत्री मोदी ने अगले वर्ष चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

### पीएम मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात की



**कज़ान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें मेरा भाई कहा।यह बैठक दोनों नेताओं के बीच एक और महत्वपूर्ण बातचीत का प्रतीक है, जो इससे पहले फरवरी 2024 में अबू धाबी में मिल चुके हैं। एक्स पर अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलकर खुशी हुई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने कज़ान में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से भी मुलाकात की।

## उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से गन्ना किसानों को मिली दीपावली की सौगात

**कवर्धा-रायपुर (विसं)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सीजन 2023-24 के गन्ना किसानों को दीपावली के पहले अतिरक्त रिकवरी राशि 18.66 करोड़ रूपए सीधे उनके खाते में पहुंची। इस प्रकार कारखाना द्वारा अतिरिक्त रिकव्हरी की संपूर्ण राशि 35.81 करोड़ का भी कृषकों को कर दिया गया है। जिले के गन्ना किसानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद किया। गन्ना किसानों ने कहा कि यह राशि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी और दीपावली का त्योहार और भी खुशहाल बनाएगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास किसानों के हित में हैं, जो उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाते हैं। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में भी एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री साय ने बिजली सखियों को वितरित किए बिजली किट

**स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हो रही सार्थक पहल**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है।

जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जाएगा। इस पहल से विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित बिजली का बिल मिलेगा, जिससे वे कम बिल का भुगतान कर पाएंगे। साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी। इससे बिजली सखी के रूप में जनपद क्षेत्र में लखपति दीदी की संख्या भी बढ़ेगी। जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## 25 अक्टूबर की सुबह तक समुद्री तूफान दाना पुरी और सागर द्वीप पर मचाएगा तबाही



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी ओडिशा राज्य के तटवर्ती इलाकों में समुद्री तूफान दाना के आने को लेकर व्यापक सतर्कता बरती जा रही है। मौसम विभाग रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार यह समुद्री तूफान 24 की देर रात से लेकर 25 की सुबह तक पुरी और सागर द्वीप के आसपास लैंडफॉल करेगा।

बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफन दाना (दाना के रूप में उच्चारित) पिछले 6 घंटों के दौरान 13 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और आज, 23 अक्टूबर को 1130 बजे 16.7 डिग्री उत्तर अक्षांश और 89.3ए पूर्व देशांतर के पास उसी क्षेत्र में, जो पारादीप (ओडिशा) से लगभग 490 किमी दक्षिण-पूर्व, धमारा (ओडिशा) से 520 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) से 570 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व पर केंद्रित था। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 तारीख की सुबह तक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है और 24 तारीख की रात और 25 अक्टूबर, 2024 की सुबह के दौरान पुरी और सागर द्वीप के बीच भितरकनिका और धमारा (ओडिशा) के करीब उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों को 100-110 किमी प्रति घंटे से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफन के रूप में पार करने की संभावना है।

## केंद्र सरकार का बड़ा कदम, अब नया स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल को करेगा ब्लॉक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत सरकार ने एक ऐसा स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम पेश किया है, जो भारतीय फोन नंबरों के रूप में आने वाली इनकमिंग इंटरनेशनल कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर सकता है। 'इंटरनेशनल इनकमिंग स्पूफड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम' नामक इस सिस्टम को दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पेश किया है। साइबर अपराधी ठगी के इस तरीके में इंटरनेशनल कॉल को भारत के स्थानीय नंबर (+91-xxxxxxxxx) से आने वाले कॉल के रूप में दर्शाते हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के तहत फोन नंबर का डिस्प्ले किया जाना आवश्यक है। साइबर अपराधी कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी में हेर-फेर कर अपने फेक कॉल को भारत से आए कॉल के रूप में दिखाते हैं। जबकि, असल में साइबर अपराधी भारत के बाहर से कॉल कर रहे होते हैं। विक्टिम का विश्वास भारत के स्थानीय नंबर के साथ जीतने के बाद साइबर अपराधी मालवेयर से जुड़े उद्देश्यों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। साइबर अपराधी विक्टिम के कॉल उठाए जाने के बाद किसी तरह से उनकी संवेदनशील और वित्तीय जानकारियों को पाने की कोशिश करते हैं। वे सरकारी अधिकारी, कानून प्रवर्तन अधिकारी या विक्टिम के परिवार का सदस्य बनकर पैसा या व्यक्तिगत डेटा निकलवाने की कोशिश करते हैं।

## कांग्रेस और बीजेपी प्रत्याशी ने शुभ मुहूर्त में दाखिल किया नामांकन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस और बीजेपी प्रत्याशी ने शुभ मुहूर्त में नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस के आकाश शर्मा और भाजपा के सुनील सोनी ने एक साथ आज नामांकन भरा है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा 24 अक्टूबर को और बीजेपी प्रत्याशी सुनील सोनी 25 अक्टूबर को रैली निकालकर फिर से नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के समय दोनों का आमना-सामना हुए, तो कांग्रेस प्रत्याशी आकाश ने सुनील सोनी और बृजमोहन अग्रवाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं अब तक रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसमें से एक राइट टू रिकाल पार्टी से अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। हालांकि इस सीट में सीधा मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच होने वाला है। अब तक किसी निर्दलीय उम्मीदवार ने या न किसी तीसरे पार्टी ने दमखम के साथ कदम रख पाया है।

रायपुर नगर दक्षिण उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 22 अक्टूबर को निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में नंदिनी नायक, रवि भोई, सैय्यद मुस्लीम, नासीर मोहम्मद, रिजवाना, जुगराज जगत, राईट टू रिकाल पार्टी से चम्पालाल पटेल ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। दूसरी ओर 21 अक्टूबर को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में शबिस्ता खान, सुषमा अग्रवाल, महेंद्र कुमार बाघ ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

रायपुर नगर दक्षिण उपचुनाव के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# स्कूली बच्चों के अपार आईडी जनरेट करने में लाए तेजी-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

**मिनी कीट वितरण के हितग्राही चयन में बरते विशेष सावधानी**

**आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति लाने के दिए निर्देश**

**कलेक्टर श्री गोयल ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्य प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के अपार आईडी के संबंध में जानकारी लेते हुए अपार आईडी जनरेट करने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक डिजिटल आईडी कार्ड है, जहां छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियां, डिग्री एवं अन्य जानकारी एकत्र होगी, जिससे स्थानांतरित छात्रों को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों के आईडी जनरेट के दौरान दाखिल खारिज में किसी प्रकार का छेड़छाड़ न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में अनुविभागवार समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को बीईओ से समन्वय कर जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रबी में प्राप्त होने वाले मिनी कीट वितरण में हितग्राही चयन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, अत: रबी में धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को मिनी कीट प्रदान करें। कलेक्टर श्री गोयल ने केसीसी निर्माण प्रगति के संबंध में कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति धीमी है। उन्होंने कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन विभाग को केसीसी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग को केज कल्चर में हितग्राही चयन में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मिल्क रूट निर्धारण एवं नेपियर ग्रास क्षेत्र के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने शहरी क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड निर्माण के धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने रायगढ़ शहरी एवं ग्रामीण में आयुष्मान कार्ड निर्माण में गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान तमनार बीएमओ एवं बीपीएम के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बीएमओ को आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने किसान सम्मान निधि एवं वन अधिकार प्राप्त पट्टेधारी किसानों की जानकारी लेते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों के शत-प्रतिशत पंजीयन संबंधी निर्देश दिए। राशन कार्ड के ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्रदान कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही पीडीएस बारदाना संग्रहण एवं ऑफलाइन संचालित पीडीएस दुकानों की भी जानकारी ली। उन्होंने पीएम आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने जल शक्ति अभियान के तहत जल संचयन क्षेत्रों के एंट्री में तेजी लाने वन विभाग के साथ ही नगरीय क्षेत्रों के बिल्डिंग एवं आवासीय कॉलोनी में निर्मित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के एंट्री के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग को मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पटाखा लाइसेंस जारी करने के संबंध में विशेष निर्देश दिए। इस दौरान लैलूंगा में जल आपूर्ति के तैयार किए जा रहे खम्हार पाकुट के निर्माण की जानकारी लेते हुए एसडीएम लैलूंगा को कार्य प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत जैसे विभिन्न पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का किया गया है आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एस.आई.एस. सेक्योर्टी एण्ड इन्टेलीजेन्स सर्विसज (इस्टर्न इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड क्षेत्रीय प्रषिक्षण केन्द्र जषपुर के द्वारा सुरक्षा जवान के 400 पद पर 10 वीं पास व सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पद पर 12 वीं पास पर भर्ती किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जनपद पंचायत प्रतापपुर में 04 नवंबर, जनपद पंचायत भैयाथान में 05 नवंबर, जनपद पंचायत ओड़गी में 06 नवंबर, जनपद पंचायत रामानुजनगर में 08 नवंबर, जनपद पंचायत सूरजुपर में 11 नवंबर एवं जनपद पंचायत प्रेमनगर में 12 नवंबर को 11:00 बजे से 03:00 बजे तक किया जाना है। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर में संपर्क कर सकते है।

### कार सवारों ने अकेली देख युवती से किया अनाचार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कोरबा में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से शहर आई थी। काम निपटाने के बाद वह कोरबा जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान कोरबा में रहने वाला आकाश दिव्य वहां आया। युवती उसे पहचानती थी। युवक ने उसे कोरबा छोड़ने की बात कही। पहचान होने के कारण युवती उनकी कार में बैठ गई। इसके बाद युवक कार को सुनसान जगह पर ले गए। वहां पर सुभाष भारद्वाज ने युवती से शारीरिक संबंध बनाया। उनकी हरकतों से डरी युवती किसी तरह वहां से भाग निकली। रात होने के कारण युवती दूसरी बस से कोरबा चली गई। घर पर स्वजन को पूरे मामले की जानकारी देने के बाद युवती ने कोनी थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। युवती की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपित सुभाष और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम आकाश दिव्य, मौसम दिव्य और सुभाष भारद्वाज है।

### मवेशी से तेज रफ्तार बाइक टकराई गिरने से महिला की मौत

**कोरबा-पाली(विश्व परिवार)।** सड़क में घूम रहे आवारा मवेशियों से तेज रफ्तार बाइक की टकरा गई। इससे सवार महिला के नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं पति व पुत्र घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पाली थाना अंतर्गत सोमवार को ग्राम बतरा लहरापारा निवासी करण सिंह कंवर अपनी पत्नी सावित्री बाई कंवर 47 वर्ष व पुत्र विवेक 18 वर्ष के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम चैतमा गए हुए थे। वहां से शाम को लौट रहे था। वन विभाग पाली के पास तीनों पहुंचे थे, तभी सड़क में घूम रहे आवारा मवेशी से बाइक टकराकर गई और सावित्री बाई अचानक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिर पड़ीं। गंभीर रूप से चोट लगने पर उनकी मौत हो गई, जबकि पति व पुत्र को मामूली चोट आई है। राहगीरों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पाली पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव मर्च्यूरी में रखा दिया। मामले में पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

### टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया गया वितरण

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आज खरसिया ब्लॉक के 30 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी बीमारी से मुक्त रहने को लेकर टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार फूड बास्केट का वितरण जेएसडब्ल्यू कंपनी नहरपाली, खरसिया के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में टीबी उन्मूलन हेतु लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा राज्य को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसका लाभ ऐसे मरीज उठा पा रहे है। टीबी से ग्रसित लोगों के बीच फूड बास्केट का वितरण करते हुए टीबी बीमारी को लेकर जागरूक किया गया है। टीबी से लडने् के लिए दवा के अलावा पोषण युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन भी जरूरी है। टीबी बीमारी का इलाज अब संभव है। जरूरत है तो सिर्फ लोगों को जागरूक होने कि अगर किसी प्रकार का लक्षण दिखाई दें तो व्यक्ति अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इसका नि:शुल्क इलाज करा सकते है।

# सामजिक पेंशन व सहायक उपकरणों की आवश्यकता वाले आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार पहुचाएं राहत : कलेक्टर

**80 वर्षीय वृद्धा समारिन बाई के पीएम आवास को जिला प्रशासन की निगरानी में पूर्ण कराने के दिए निर्देश**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रो एवं ग्रामीण अंचलों से अपनी समस्याओं के निराकरण आए आम नागरिकों की परेशानियों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को शासन के नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को जनदर्शन में प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रकार के सामाजिक पेंशन, दिव्यांग सहायता, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदनों को प्राथमिकता से लेते हुए जांच कर आवेदकों को पात्रतानुसार राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम सोनपुरी निवासी बंधन सिंह कंवर ने अपनी माता 80 वर्षीय वृद्धा समारिन बाई के नाम पर स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को शासन-प्रशासन की निगरानी में पूर्ण कराने तथा शासकीय सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। बंधन सिंह ने बताया कि वह आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर है। उसके परिवार में उन दोनों के अतिरिक्त और कोई नहीं है। वृद्धावस्था के कारण उनकी माता का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता, वह अपने पैरों पर चल भी नहीं पाती। इस कारण वह माता को छोड़कर कहीं आना-जाना नहीं कर पाता है। कलेक्टर ने आवेदन को संज्ञान में लेकर जनपद सीईओ कोरबा को आवेदन का परीक्षण कर आवेदक को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागीय योजनाओं से भी लाभान्वित करने के लिए कहा। इसी प्रकार आवेदक संतोष कुमार द्वारा पारिश्रमिक भुगतान कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि वह दीपका स्थित कैंटिन में 2019 से कार्यरत् है तथा विगत 05 वर्ष से उसे मजदूरी का भुगतान का नहीं किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण परिवार के जीवन-यापन करने में भी बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने सहायक श्रमायुक्त को प्रकरण की पूर्ण जांच कर त्वरित निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। सिटी बस के परिचालन एवं बसों के फेरों को विभिन्न रूटों में बढ़ाने हेतु ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदकों ने बताया कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से कोरबा में अपने दैनिक कार्यों व रोजगार के सिलसिले में नियमित आवागमन करना पड़ता है।

# बीटीएस प्रणाली रोकेगा रास्ते में होने वाली कोयला की अफरा-तफरी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** खदान से कोयला लेकर निकली गाड़ियों का प्लांट, कोल साइडिंग या कोल वाशरी तक जाने का रास्ता तय होता है। वहीं ट्रांसपोर्ट कंपनियों की इन गाड़ियों के माध्यम से कोयले में मिलावट कर हेराफेरी व चोरी के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। इन्हें पकड़ने के लिए कई तरीके अपनाने के बाद भी शत-प्रतिशत सफलता नहीं मिल रही थी। अब कोयला चोरी और मिलावट रोकने के लिए बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशन) सिस्टम को कारगर माना जा रहा है। कोल इंडिया की साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कंपनी इस सिस्टम पर काम करना शुरू कर दिया है। कंपनी के 13 एरिया में अब तक 1200 से अधिक ट्रांसपोर्टिंग में लगे वाहनों को ट्रेकिंग सिस्टम से लैस किया जा चुका है। वाहनों में कंपनी से लग कर आने वाली जीपीएस के साथ एसईसीएल अब अपनी अलग बीटीएस लगा रही। इससे वास्तविक समय पर वाहनों की निगरानी की जा रही है। वाहन के रूट बदलते ही पता चल जाएगा। किसी भी वाहन को ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किए बिना खदान में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। अभी हाल ही में दीपका कोयला खदान से कोयला लेकर रवाना हुए चार ट्रेलर से अच्छा कोयला रास्ते में अवैध डिपो में उतार लिए गए और उसकी जगह चूरा व पत्थर मिला दिया गया। संबंधित कंपनी में परीक्षण के दौरान इसका पता चला और थाने में शिकायत की गई। कोयले की अफरातफरी का अपराध पंजीबद्ध कर चालक की गिरफ्तारी की गई।

## परसा कोल ब्लॉक के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए विधायक फूलसिंह राठिया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** परसा कोल ब्लॉक के विरोध में ग्रामीण लामबंद हो चुके हैं। कांग्रेसियों ने भी उनके समर्थन में पेडों की कटाई और ग्रामीणों पर की गई बर्बरता का विरोध किया। विरोध प्रदर्शन में दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के साथ रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया भी शामिल हुए। सरगुजा जिले के उदयपुर वन परिक्षेत्र में परसा कोल ब्लॉक को लेकर प्रशासन द्वारा पेड़ों की कटाई करवाई जा रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस नेता ग्रामीणों से मिलने पहुंचे और घायल ग्रामीणों से मुलाकात की। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ग्रामीण पिछले 10 सालों से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि फर्जी ग्राम सभा की पुन: जांच कराई जाए, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और भाजपा के इशारों पर हजारों पेड़ काट दिए गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार आदिवासियों को गोली मारकर निजी उद्योगपतियों को कोल माइंस सौंपना चाहती है। श्री बैज के साथ रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया भी परसा कोल ब्लॉक के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। श्री राठिया ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद सरकार आदिवासियों के खून की प्यासी क्यों है। सरकार ग्रामीणों की सुन नहीं रही है।

# पिता के हत्यारा पुत्र चढ़ा प्रतापपुर पुलिस के चंगुल में




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** बीते 12 अक्टूबर को ग्राम मरहट्टा के सरपंच पति सतपाल पैंकरा ने थाना प्रतापपुर पुलिस को मोबाईल से सूचना दी कि गांव के अचम्भित कंवर की उसके लड़के धर्मदेव पैंकरा के द्वारा हत्या कर दिया है। सूचना पर थाना प्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंची जहां मृतक के भतीजा प्रार्थी पुरूषोत्तम पैंकरा ने बताया कि 22 सितम्बर के दोपहर करीब 1.30 बजे चचेरा भाई धर्मदेव पैंकरा अपने घर के आंगन परछी में बने ईट मिट्टी के पिल्लर को गैंता से तोड़ रहा था जिसे पिता अचम्भित तोड़ने से मना करने लगा इसी बात पर गुस्सा होकर धर्मदेव अपने हाथ में रखे लोहे का गैंता से मारकर अपने पिता की हत्या कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 273/24 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले में दबिश देकर आरोपी धर्मदेव पैंकरा पिता अचम्भित उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम खोंचापारा मरहट्टा, थाना प्रतापपुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गैंता जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आनंद एक्का, आरक्षक शशिकांत मिश्रा, अपील चौधरी, इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, निरंजन एक्का व भिमेश आर्मो सक्रिय रहे।

# महाविद्यालय सिलफिली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर






**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** सिलफिली में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीन उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहन हेतु विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर स्वालंबन का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया, जिसमें शासकीय नवीन महाविद्यालय सिलफिली के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना और औद्योगिक नीति के संबंध में जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया गया। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के प्रबंधक श्री जय सिंह राज द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनाके अंतर्गत उद्योग एवं सेवा उद्यम स्थापना हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध जानकारी दी गयी । प्रबंधक श्री अवधेश कुशवाहा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति, नवीन उद्योग स्थापना और विभागीय सुविधाओं एवं लायसेंसिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी । चार्टर्ड एकाउण्टेंट श्री मयंक गोयल द्वारा पीएमएफएमई, जी0एस0टी0 और आयकर के विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई । छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा-सिलफिली के शाखा प्रबंधक श्री विवेक साकेत ने ऋण हेतु बैंकिंग प्रक्रिया के विषय मेंजानकारी दी गई ।

इस स्वावलंबन शिविर में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक-श्रीमती सालिनी संता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्री भरतलाल कंवर, श्री आशिष कौशिक, श्री जाकिर, स्वाति यादव, नीलू सिंह एवं जिलाव्यापार एवं उद्योगकेन्द्र, सूरजपुर के महाप्रबंधक श्रीमती टी.तिग्गा, श्री संजय लकड़ा, सहायक प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री अमित बनाफर और आभार प्रदर्शन प्राचार्य, डॉ. प्रमिला एक्का द्वारा किया गया है ।

# संपादकीय

## एक मौजूं सवाल बन गया

एक तकनीकी आधार पर मुख्यमंत्री को उनके आवास से बेदखल कर दिया गया है। क्या किसी केंद्र शासित प्रदेश में भी बहुमत से निर्वाचित पार्टी के विधायक दल नेता के साथ ऐसा बर्ताव लोकतांत्रिक मान्यता और मर्यादा के अनुरूप है? मान्यता है कि लोकतंत्र में नेताओं की हैसियत मतदाता बनाते हैं। जो नेता मतदाताओं को लुभाने में जितना कामयाब हो, उसकी हैसियत उतनी बड़ी होती है। मनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा होती है कि वे निर्वाचित नेताओं का सम्मान करते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन करें। मगर भारत में, इस दौर में आकर यह मान्यता सिर के बल खड़ी कर दी गई है। बल का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के घरेलू सामान को उस आवास से बाहर कर दिया गया, जिसके बारे में आम धारणा है कि वह मुख्यमंत्री निवास है। दिल्लीवासियों को अब पता चला है कि दिल्ली में कोई स्थायी मुख्यमंत्री आवास नहीं है। मुख्यमंत्री कहां रहेंगे, यह इस पर निर्भर करता है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर उन्हें कौन-सा निवास आवंटित करते हैं। नवरात्रि शुरू होते ही पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। नई मुख्यमंत्री आतिशी अपने सामान के साथ वहां रहने चली गईं। अब बताया गया है कि एलजी ने उन्हें ये मकान आवंटित नहीं किया था। इसलिए उनका प्रवेश अवैध था। अब संभव है कि एलजी वही मकान आतिशी को आवंटित कर दें। तब वे वहां रह सकेंगी (अन्यथा जो मकान आवंटित होगा, वहां उन्हें रहना होगा)। इस तकनीकी आधार पर मुख्यमंत्री को उस मकान से बेदखल कर दिया गया है। कहा जाएगा कि दिल्ली की विशेष परिस्थिति है। यह पूर्ण राज्य नहीं है। मगर क्या किसी केंद्र शासित प्रदेश में भी विशाल बहुमत से निर्वाचित पार्टी के विधायक दल नेता के साथ तकनीकी आधार पर ऐसा बर्ताव लोकतांत्रिक मान्यता और मर्यादा के अनुरूप है? जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री बनने जा रहे उमर अब्दुल्ला को इस घटना में अपना भविष्य जरूर नजर आया होगा। आखिर केंद्र ने नए प्रावधानों के साथ केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार की हैसियत दिल्ली सरकार जैसी ही बना दी है। अब चूंकि यह पैटर्न बन गया है, तो कभी किसी राज्य और वहां की निर्वाचित सरकार को ऐसी हैसियत में पहुंचाने की आशंका ठोस रूप से मौजूद है। इस हाल में भारतीय लोकतंत्र एवं संघवाद को लेकर क्या समझ बनाई जानी चाहिए, बेशक यह आज एक मौजूं सवाल बन गया है।

# भारतीय संस्कृति संरक्षण के लिए खान-पान शुद्धि की आवश्यकता



जैन संस्कृति में शुद्ध खान-पान का विशेष महत्व रहा है। जैन संस्कृति में अहिंसा का विशेष महत्व है। अहिंसा सिद्धान्त के सम्बन्ध में हमारे तीर्थंकरों, आचार्यों ने विशेष उपदेश व योगदान दिया है और जीबन शैली में युग-युगों से आहार शुद्धि का विशेष महत्व रहा है। आहार का सम्बन्ध जीवन से जुड़ा है बह किसी भी सम्प्रदाय से जुड़ा हुआ नहीं है।

भगबान महाबीर ने आत्मा प्रधान मानी और शरीर गौण। अहिंसा की परिक्रमा करने बाली चेतना उसी स्वास्थ्य को, उसी आहार को मूल्य दे सकती है, जिसके कण-कण में आत्मा की सहज स्मृति हो। अहिंसकाहार पद्धति प्रकृति के सिद्धान्तों पर आधारित होने के कारण, अधिक प्रभावशाली वैज्ञानिक, मौलिक व निर्दोष होने के साथ-साथ जैन सिद्धान्तों की रक्षक होती है। खान-पान शुद्धि का संदेश स्पष्ट एवं प्रत्यक्ष रूप में कोरोना काल में देखने में आया, सम्पूर्ण भारत देश उस समय बाजार की बनी बस्तुएं खाने में डरने लगा, भयभीत था। खानपान शुद्धि की महत्वपूर्ण भूमिका इस कारोना काल में चारों ओर देखने में आयी, गृहणियों ने तरह-तरह के व्यंजन बनाकर यह बता दिया कि घर की बनी वस्तुएं ही शुद्ध होती हैं। अहिंसक आहार को हम इस प्रकार समझ सकते हैं जैसे 'अ' अमृतमय, हि हिंसा रहित, स संतुलन, क कल्याणकारी, आ आत्मिक, हा - हज़मेदार, और - रसदार।

अहिंसक आहार से लाभ, महत्व गुण प्रकृति ने मानव शरीर का अहिंसकाहार के योग्य बनाया है जिससे बह स्वस्थ्य, सुन्दर सबल व सुखी रह सकता है। अहिंसकाहार सहज, शक्ति शाली, स्वास्थ्यकारी है। इससे मनुष्य जीवन बिशुद्ध रहता है। यह औषधि प्रदाता है। मानवता प्रदान करता है। नई उमंगें, नई तरंगें प्रदान करता है।

अहिंसा एक मधुर वार्तालाप बन जाती है। जैनाचारों ने अहिंसक आहार, शुद्ध आहार



पर विशेष उपदेश दिये हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से अहिंसक आहार ग्रहण किया है वे 24 घन्टे में एक बार ही जल, भोजन आदि लेते हैं यह आहार पूर्ण शुद्धता से तैयार होता है।

परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी, देश के आचार्यों, मुनियों एवं आर्यिकाओं ने हमेशा शुद्ध आहार पर जोर दिया उन्होंने खानपान की शुद्धता पर जोर दिया, पूज्य माताजी का तो हमेशा चिंतन आहार शुद्धता पर रहता है। आपको बताना उचित समझता है कि प्रो. नीलधर बरिष्ठ वैज्ञानिक ने परीक्षण के आधार पर बताया कि अहिंसक भोजन, शक्ति, स्वास्थ्य और दीर्घायु प्राप्त करने में सहायक होता है। प्रो. रिचेट ने प्रायोगिक आधार पर यह प्रमाणित किया कि अहिंसक आहार रक्त-रस सम्बन्धी रोगों को उत्पन होने से रोकता है ।

यह कटु सत्य है कि अहिंसक आहार ही महत्वपूर्ण आहार है। महानुभाव खानपान शुद्धि सर्वप्रथम अपने आप में ही निहित है। आज भौतिकयादी युग में भारतीय संस्कृति में पश्चिमी संस्कृति का साम्राज्य इस कदर बढ़ गया है कि अब इसको रोकपाना बहुत कठिन समस्या हो गयी है। खान-पान अशुद्धता का बाताबरण बारों और फैल चुका है। जाने-अनजाने में फास्ट फूड व बिदेशी व्यंजनों के स्वादों में पड़ कर देश का बहुत बड़ा भाग खानपान को अशुद्ध, अपबित्र बनाकर मन को भी अशुद्ध करता हुआ घोर पाप का संचय कर रहा है। इस कार्य में हम सभी दोषी है, हमारी ही समाज की महिलाओं में अनदेखी व आलसी वृति, फैशन का बहुत बड़ा योगदान देखा जा रहा है । जो नारी अपने घर की बेटी-बहू-माँ, बहिन के रूप में घर के अन्दर अपने बच्चों से लेकर वृद्ध माता-पिता, सास-ससुर सबके लिए प्रातः काल दूध और नाश्ता उसके साथ ममता-प्रेम और अपनत्व का रस घोलकर सबको परोसती थी आज बही नारी अब रेडीमेड, बाजार का बना हुआ, अशुद्ध में अशुद्ध पिज्जा, बर्गर, डबल रोटी, बिस्किट आदि लेकर बच्चों व पति, भाई, बेटा आदि का टिफिन तैयार करती हैं और स्वयं होटल, क्लब, किटी पार्टियों की ओर दौड़ती है और वहाँ स्वयं भी इसी प्रकार का अशुद्ध भोजन करती है ।

अब हम यह कहना चाहते हैं कि देश में भारतीय व जैन संस्कृति को जीवंत रखने के लिए शुद्ध भोजन की परम्परा डालनी होगी अन्यथा देश की मानव शक्ति का बिनाश होना निश्चित हो जायेगा बदि हम देश में खान-पान को नहीं सुधारेंगे तो देश खोखला होगा। देश का युबा बदि ऐसी मिलावटी, अशुद्ध वस्तुए खायेगा तो उसका दिमाग कमजोर होना स्वाभाविक ही है । अब यहाँ विशेष रूप से महत्वपूर्ण बिन्दु यह है कि अहिंसक आहार शुद्ध रहे, जिसके लिए सर्वप्रथम नारी जगत और उसके पश्चात् पुरुष जगत को चितन करना होगा, चेतना होगा और भारतीय व जैन संस्कृति को जीवंत करना होगा ।

मान्यवर आप और हम सुनते हैं कि हर वस्तुओं में अशुद्धता बढ़ती जा रही है, अधिकांशतः खाद्य सामग्री में मिलावट बढ़ रही है, केन्द्र सरकार हो या राज्यों की सरकार हो उन सब को यह जानकारी है कि खाद्य सामग्री सुरक्षा व मानक प्राधिकरणों के मानक के अनुरुप नहीं है। इस मिलावटी कृत्य को वर्तमान शासन, सरकार ही रोक सकती है। अपने बजट में यह प्रावधान रखे कि देश को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी और इसके लिए स्वयं सरकार ध्यान दे और जनता जागरुक हो तभी ये मिलावटी कूल्य रुक सकता है । सरकार जाँच एजेन्सियों को प्रयोगशाला व जाँच कार्य का अमला को बढ़ायें। मिलावट के कारण पदार्थों को पोष्टिकता, प्रकृति, गुण में भी काफी बदलाव आते हैं। प्रायः खाद्य सामग्री में हानिकारक पदाथों की मिलावट की जाती है जो स्वाध्य के लिए बहुत ही हानिकारक होती है। मिलावट के विरुद्ध आवाज उठनी चाहिए। जनता को सतर्क होकर जन-जागरण बलाना चाहिए। राज्य सरकार व केन्द्र सरकार मिलावट करने वाले के खिलाफ ठोस

कानूनी प्रावधान तय करने चाहिए ।

सरकारें इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर चिन्तन करें, इस कार्य में भ्रष्टाचार को दूर रखे तभी यह अभियान सफल हो सकता है। जिस प्रकार अपने देश की रक्षा के लिए करोड़ों करोड़ बजट का प्रावधान रखा जाता है, ठीक इसी प्रकार मिलावट खोरी को समाप्त करने के लिए देश की युवा पीढ़ी को बचाने, भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए शुद्ध के लिए बुद्ध अभियान प्रभावी रूप से चलना चाहिए और जनता को भी स्वार्थ छोड़कर, जागरुक होकर मिलावटी सामग्री व भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध आवाज उठाने की आवश्यकता है ।

अतः भारतीय व जैन संस्कृति को बचाने के लिए खान-पान शुद्धि की अत्यन्त आवश्यकता है । जय महाबीर, जय जिनेन्द्र, जयभारत ।

--उदयभान जैन बड़जात्या
राष्ट्रीय महामंत्री,
अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद्

## आलेख

# क्या भाजपा जेएमएम को हरा पाएगी क्या

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में तमाम अनुमानों के उलट कांग्रेस को हरा दिया। लेकिन जम्मू कश्मीर में वह नेशनल कॉन्फ्रेंस को नहीं हरा पाई। हालांकि वहां भी जम्मू क्षेत्र में, जहां कांग्रेस ज्यादा सीटों पर लड़ रही थी वहां कांग्रेस को हरा दिया। इससे मोटे तौर पर इस निष्कर्ष की पुष्टि होती है कि भाजपा, जहां कांग्रेस को बड़ी सहजता से हरा देती है वहीं प्रादेशिक पार्टियों के साथ उसका मुकाबला हमेशा कांटे का बन जाता है। तभी यह सवाल है कि क्या वह झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को हरा पाएगी? पिछले चुनाव में यानी 2019 में आमने सामने की लड़ाई में जेएमएम ने भाजपा को निर्णायक रूप से हराया था। उसके बाद पांच साल तक भाजपा ऐसे पस्त पड़ी रही कि एक बार भी नहीं लगा कि वह जेएमएम का मुकाबला कर पाएगी। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी के नाते भाजपा ने कोई जन आंदोलन नहीं खड़ा किया और न किसी भी मुद्दे पर राज्य सरकार को परेशान कर पाई। इसके उलट राज्य सरकार ने जो चाहा सो किया। यहां तक कि करीब चार साल तक भाजपा विधायक दल के नेता रहे बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं दिया। अंत में थक हार कर भाजपा ने मरांडी को हटा कर प्रदेश अध्यक्ष बनाया और अमर बाउरी को विधायक दल का नेता बनाया। भाजपा के नेता पूरे पांच साल बतौर विपक्ष जनता के मुद्दे उठाने और सरकार को जवाबदेह बनाने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार गिराने के प्रयास में लगे रहे। भाजपा ने जितने प्रयास किए और जितनी बार उसे नाकामी मिले, उससे हेमंत की स्थिति और मजबूत हुई। अंत में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने आदिवासी वोटों में भाजपा को अछूत बना दिया। लोकसभा के चुनाव नतीजों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भाजपा राज्य की आदिवासी आरक्षित सभी पांच सीटों पर हार गई। आदिवासी बहुल झारखंड से उसका एक भी आदिवासी सांसद नहीं है। सो, पांच साल के घटनाक्रम का लब्बोलुआब यह था कि भाजपा कहीं लड़ाई में नहीं है और जेएमएम का गठबंधन बहुत आसानी से इस बार भी विधानसभा चुनाव जीत जाएगा। लेकिन जून में हेमंत सोरेन के जेल से निकलने, चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाने, चम्पई के पार्टी छोडने और भाजपा के चुनाव प्रभारियों और अन्य नेताओं की ओर से रोटी, बेटी और माटी' का भावनात्मक मुद्दा बनाने से राज्य की राजनीतिक तस्वीर बदल गई है। सबसे पहले आंकड़ों की नजर से देखें तो भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन यानी एनडीए जेएमएम गठबंधन यानी इंडिया' से काफी आगे है। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि इस बार चुनाव में भी आंकड़े ऐसे ही रहें लेकिन इनसे एक आरंभिक तस्वीर बनती है। इस साल के लोकसभा चुनाव में एनडीए को तीन सीटों का नुकसान हुआ और उसका वोट करीब नौ फीसदी कम हुआ। फिर भी उसको 47 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिला, जबकि जेएमएम गठबंधन को 39 फीसदी वोट मिला। यानी दोनों के वोट में आठ फीसदी का अंतर रहा। जहां तक 2019 के विधानसभा चुनाव की बात है तो उस समय भाजपा को 33.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि जेएमएम गठबंधन को 35.35 फीसदी वोट मिले थे। यानी जेएमएम दो फीसदी वोट से आगे थी। परंतु उस चुनाव में बाबूलाल मरांडी की पार्टी को 5.45 फीसदी और सुदेश महतो की पार्टी को 8.10 फीसदी वोट मिला था। अगर इन दोनों का वोट भाजपा के साथ जोड़ें तो वह 48 फीसदी से ऊपर चला जाता है। लोकसभा चुनाव में यही हुआ। ये दोनों नेता भाजपा के साथ आ गए तो भाजपा को 47 फीसदी से ज्यादा वोट मिल गए। सो, सिर्फ आंकड़ों के सरल गणित से देखें तो बाबूलाल मरांडी के अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर देने और सुदेश महतो के गठबंधन में आ जाने से एनडीए को बढ़त है। लेकिन राजनीति अंकगणित नहीं है। वह कैलकुलस की तरह है, जिसमें कई फैक्टर्स और वैरिएबल्स होते हैं। आंकड़ों की गणित को विफल करने के लिए हेमंत सोरेन ने सरकार में होने का फायदा उठाया। उन्होंने अलग अलग समूहों को प्रभावित करने वाले अनेक लोक लुभावन कार्यक्रम शुरू किए।

# मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

रजनीश कपूर

मुझे अच्छे से याद है कि शायद ही कोई ऐसा स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्रता दिवस हुआ हो जब हमने सुबह सबसे पहले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई न सुनी हो। लेकिन बीते कुछ वर्षों से जिस तरह एक विशेष धर्म और समाज को लेकर भेद-भाव फैलाया जा रहा है वह हमें सही दिशा में नहीं ले जा रहा। ज्निहित स्वार्थों के बहकावे में आए बिना हमें सदियों से चली आ रही गंगा-जमनी तहज़ीब का पालन करना चाहिए, जो हमारे देश की परंपरा रही है। क्योंकि मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।' मशहूर फ़िल्म निर्माता यश चोपड़ा द्वारा बनाई गई फ़िल्म वीर ज़ारा' में भारतीय वायु सेना के एक सैनिक और पाकिस्तानी महिला की प्रेम कथा को दर्शाया गया। इसी फ़िल्म के एक गाने में भारत का यह सैनिक अपनी प्रेमिका को भारत की खूबियाँ गिनाता है। परंतु आज हम जिस विषय को इस कॉलम में उठाएँगे वह हमारे देश की गंगा ङ्क जमुनी तहज़ीब की विशेषता पर आधारित है। बरसों से हमारा देश बिना किसी भेद-भाव के सभी धर्मों का सम्मान करते हुए एकजुटता से रहता आया है। परंतु सत्ता के लोभी, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, हमेशा से इस एकता के ख़िलाफ़ षड्यंत्र रचते आए हैं। बिना इस बात का अंदाज़ा लगाए कि चुनावी राजनीति तो अस्थाई है जबकि आपसी मेल-मिलाप हमेशा से ही स्थाई रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट देखी जिसने इस लेख का विषय प्रेरित किया। हमारे देश के गौरव माने जाने वाले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान और उस्ताद विलायत ख़ान की एक जुगलबंदी यूट्यूब पर देखी। इस जुगलबंदी में उस्ताद विलायत ख़ान का सितार और उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई जिस लोक गीत को बजा रहे थे वह ब्रज में गोपियों द्वारा माँ यशोदा को नंदगोपाल की शिकायत को दर्शाता है। गीत के बोल कुछ इस प्रकार हैं, मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे'। इस जुगलबंदी को देख कर इस बात का ज़रा भी एहसास नहीं होता कि मुस्लिम कलाकारों द्वारा गाए व बजाए गये इस लोक गीत में कोई भेदभाव है। ग़ौरतलब है कि यह लोक गीत बॉलीवुड की सुपर हिट फ़िल्म मुग़ल-ए-आज़म' से लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस गीत को बॉलीवुड के मशहूर गीतकार शकील बदायूनी ने लिखा है और इसका संगीत नौशाद द्वारा दिया गया है। यह फ़िल्म मुग़ल बादशाह अकबर के बेटे शहज़ादे सलीम और एक कनीज़ की प्रेम कहानी पर आधारित है। यदि आप यूट्यूब पर इस जुगलबंदी को खोजेंगे तो आप इस जुगलबंदी में दोनों कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले साज़ों की मधुर आवाज़ के साथ-साथ कलाकारों के चेहरे के भाव को अनदेखा नहीं कर सकते। ग़ौरतलब है कि मुग़ल-ए-आज़म फ़िल्म हो या कोई अन्य फ़िल्म, जब भी कभी किसी भी कलाकार को, बिना उसके धर्म के भेद-भाव किए जो भी किरदार दिया जाता है वह उसे बखूबी निभाता है। चूँकि फ़िल्में समाज का आईना मानी जाती हैं, वह अपनी अच्छी-बुरी कहानियों के द्वारा हमारे समाज में एक छाप छोड़ देती हैं। फिर वो चाहे सकारात्मक हो या नकारात्मक। आपको ऐसे अनेकों उदाहरण मिल जाएँगे जहां कलाकार बिना अपने धर्म की परवाह किए, दूसरे धर्म का किरदार बखूबी निभाते हुए नज़र आएँगे। ऐसे किरदारों को निभाते हुए वह उस किरदार में इस कदर घुल-मिल जाते हैं कि आप उन्हें वास्तव में उस किरदार के नाम से ही पहचानने लग जाते हैं। कलाकार किसी भी धर्म और जाति के क्यों न हों वह अपने किरदार और उससे संबंधित गीत-संगीत में कभी भी भेद-भाव नहीं करते। बल्कि अक्सर ऐसा देखा गया है कि एक धर्म के कलाकार ने दूसरे धर्म के किरदार को इतना बढ़िया निभाया है कि वह किरदार यदि उसी धर्म के किसी कलाकार द्वारा निभाया गया होता तो शायद इतना बेहतर ना होता। बॉलीवुड से जुड़े जितने भी लोगों से मेरा संपर्क हुआ है, उन सभी ने इस बात को स्पष्ट रूप से कहा है कि वे धर्म व जाति के आधार पर आपस में किसी भी तरह का भेद-भाव नहीं करते। यहाँ सवाल उठता है कि यदि फ़िल्म अभिनेता आपस में किसी धर्म या जाति विशेष को लेकर इतने संवेदनशील नहीं होते तो हमारा समाज किस आधार पर बट रहा है? क्या हमारे समाज में सदियों से चले आ रहे इस भेद-भाव के प्रति चेतना को केवल राजनैतिक मंशा से ही बढ़ावा दिया जा रहा है ?और कुछ नहीं तो आप इस जुगलबंदी के वीडियो को देखें तो किस क़दर दोनों कलाकार जो कई अन्य धर्म के मानने वाले हैं वे भगवान श्री कृष्णा की बाललीलाओं का गायन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। इतना ही नहीं जुगलबंदी के समय वे एक दूसरे को पूरा सम्मान देते हुए ख़ुशी-ख़ुशी तारीफ़ भी करते हैं। जबकि बीते कुछ वर्षों से यह देखा गया है कि यदि कोई भी नौजवान अपने धर्म से इतर होकर दूसरे धर्म के लोगों का साथ देता है तो उसे सामाजिक कुरीतिओं का हवाला देते हुए पंथ-निकाला दिया जाता है। इतना ही नहीं उसकी फ़िल्मों को न देखने का ऐलान तक बड़े आक्रामक तरीक़े से भी किया जाता है। ऐसे में उसे न चाहते हुए, मजबूरी में अपने ही धर्म का साथ देना पड़ता है। मुझे अच्छे से याद है कि शायद ही कोई ऐसा स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्रता दिवस हुआ हो जब हमने सुबह सबसे पहले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई न सुनी हो। लेकिन बीते कुछ वर्षों से जिस तरह एक विशेष धर्म और समाज को लेकर भेद-भाव फैलाया जा रहा है वह हमें सही दिशा में नहीं ले जा रहा। ऐसे में हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को क्या समझा कर जाएँगे? यह एक अहम मुद्दा है। इसलिए निहित स्वार्थों के बहकावे में आए बिना हमें सदियों से चली आ रही गंगा-जमनी तहज़ीब का पालन करना चाहिए, जो हमारे देश की परंपरा रही है। क्योंकि मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।'

# वित्तीय संकट में कर्मचारी हित कहां तक

सत्यपाल वशिष्ठ

यूनियन एवं प्रबंधन को कर्मचारियों के कर्त्तव्यों के बारे में बताना होगा ताकि विभागों की वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके तथा संगठन के उद्देश्य प्राप्त किए जा सकें। इस समय हिमाचल प्रदेश में 23 में से 14 सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हैं। इनका कुल घाटा 5143.4 करोड़ ह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालने के बाद एनपीएस एवं सचिवालय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें सरकार की रीढ़ की हड्डी बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के कठिन परिश्रम और सहयोग से ही सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को सही दिशा में क्रियान्वित कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखेगी तथा उनके सभी देय लाभ समय पर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। परंतु वर्तमान सरकार के कार्यकाल का दूसरा साल भी पूरा होने को है, लेकिन कर्मचारियों के देय लाभ की अदायगी अभी तक नहीं हो सकी। हिमाचल सरकार के एक और निर्णय के अनुसार सरकार के सचिवालय, विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को सितंबर महीने से वेतन हर महीने की 5 तारीख तथा पेंशन 10 तारीख को वितरित की जाया करेगी। इससे सरकार ब्याज के 36 करोड़ रुपए सालाना बचाएगी। सितंबर पहली तारीख को वेतन एवं पेंशन की अदायगी नहीं होने पर कर्मचारियों ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन किए। सचिवालय कर्मचारी संगठन के कुछ नेताओं को प्रिविलेज नोटिस जारी किया गया तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। कर्मचारियों तथा पेंशनरों का विरोध करना जायज है, क्योंकि कर्मचारियों को अपनी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन करना ट्रेड यूनियन एक्ट के तहत अधिकार भी है, अगर यह नियमानुसार किया हो। परंतु सरकार ने कर्मचारियों को सितंबर महीने का वेतन पहली अक्टूबर तथा पेंशनरों को पेंशन 10 तारीख को जारी की तथा अब सरकार ने कर्मचारियों तथा पेंशनरों को अक्टूबर महीने का वेतन 28 अक्टूबर को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के साथ देने का आदेश जारी किया। इस पर कर्मचारियों के नेताओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इसके लिए न ही कर्मचारियों को धन्यवाद और न ही सरकार को एहसान जताना चाहिए। यह कर्मचारियों/पेंशनर्ज का अधिकार है। अभी और भी महंगाई भत्ते की




किस्तें तथा इसका बकाया पेंडिंग है जिसका कोई जिक्र तक नहीं है। प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मुख्यमंत्रियों तथा देश की केंद्रीय सरकारें तथा अन्य राज्यों की सरकारें भी महीने की पहली तारीख को वेतन/पेंशन अदा करती रही हैं और अब भी कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार को भी पूरे देश के साथ एकरूपता बनाए रखनी चाहिए और अपने इस फैसले को कर्मचारियों/पेंशनरों के हित में वापस लेना चाहिए। इसके साथ कर्मचारियों/पेंशनरों को संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्स तथा सेवानिवृत्ति लाभ एकमुश्त, अविलंब दे देना चाहिए, क्योंकि संशोधित वेतनमान लागू हुए बहुत समय हो चुका है। देय राशि को छोटी-छोटी किस्तों में देना उनके साथ न्याय नहीं है, क्योंकि यह राशि उन्होंने पूर्व में कमाई हुई है। कर्मचारी/रिटायर्ड कर्मचारी अपनी बहुत सी जिम्मेदारियों को इसी राशि से निभाते हैं। सरकार स्थायी संस्था है, ओवर ड्राफ्ट और देनदारियों का सिलसिला चलता रहता है। प्रदेश सरकार के साथ वार्ता के लिए सभी विभागों की एक फेडरेशन होनी चाहिए जिसे सरकार को मान्यता देकर हर माह वार्ता के लिए बुलाना चाहिए। इस समय हिमाचल सरकार की देनदारियां 90000 करोड़ हो गई हैं। इसका हवाला देकर वर्तमान सरकार कर्मचारियों की देय महंगाई भत्ते की किस्तें, संशोधित वेतनमान/पेंशन का एरियर्ज आदि नहीं दे रही है। कर्मचारियों तथा उनके नेताओं को चाहिए और यह आवश्यक भी है कि वे अपने-अपने विभागों के प्रबंधन के साथ मिलकर अपने संगठनों की वित्तीय स्थिति सुधारने के बारे में सोचें। यूनियन एवं प्रबंधन को कर्मचारियों के कर्तव्यों के बारे में बताना होगा ताकि विभागों की वित्तीय स्थिति में सुधार हो सके तथा संगठन के उद्देश्य प्राप्त किए जा सकें। इस समय हिमाचल प्रदेश में 23 में से 14 सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हैं। इनका कुल घाटा 31 मार्च 2023 को 5143.4 करोड़ रुपए था। घाटे में एचआरटीसी पहले, एचपीएसईबी दूसरे, एचपीपीसीएल तीसरे तथा एचपीटीसीएल चौथे स्थान पर है। इन सार्वजनिक उपक्रमों के घाटे से उनकी वित्तीय व्यवहार्यता, इन पीएसयू में काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका पर असर डाल रही है। सरकार, प्रबंधन और कर्मचारी नेताओं को इकट्ठे बैठ कर इन पीएसयू के पुनरोद्धार के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि ये पीएसयू अपने कर्मचारियों का वेतन, पेंशन, वेतनमानों का एरियर्ज आदि तथा अपने कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दे सके। परंतु सरकार किसी संगठन में कोई सुधार कर रही है तो संबंधित विभाग की कर्मचारियों की यूनियन से सलाह लिए बगैर आदेश जारी कर रही है। जैसे अभी दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को बिजली बोर्ड में 57 पद अधिकारियों के समाप्त कर दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल रमेन डेका ने उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी उपस्थित थी।

### मुख्यमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र दिवस की दी बधाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि लोगों को संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ का उद्देश्य विश्व के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए सभी देशों और लोगों के हित में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विश्व के देशों के मध्य शांति, समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करने में संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण योगदान है।



# संकटों का आना सहज स्वभाव है, संकट की घड़ी में भगवान का नाम स्मरण आपके संकट को टालेगा : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** संकटों का आना सहज स्वभाव है, लेकिन कष्ट और संकट की उस घड़ी में भगवान का नाम स्मरण आपके संकट को टालेगा। दु:ख के उन क्षणों में भक्तामर स्त्रोत्र को कंठस्थ करना चाहिये, दु:ख के उन क्षणों में एक मात्र सहारा भगवान का ही होता है जो संकट की उस घड़ी में आपको सहन शक्ति प्रदान करता है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य मानतुंग भगवान की भक्ती में लीन है और कह रहे है। रक्तेक्षणं, समद-कोकिल-कण्ठ-नीलम् क्रोधोद्धतं फणिन-मुत्फन-मापतन्तम् अक्रमति क्रम-युगेण पितृ-शंख-त्वन्नम-नागदमनी ह्रदय यस्य पुंस: मुनि श्री ने कहा भगवान आपके नाम स्मरण से भयंकर काले काले नाग भी अपने फन को समेट कर रास्ता प्रदान कर देते है।उन्होंने कहा कि सांप भी संगी पंचेन्द्रिय जीव है वह भी आपके हावभाव को समझता है, यदि आप उन पर हमला नहीं करोगे वह भी आप पर कभी हमला नहीं करेंगे, मुनि श्री ने अपने जीवन सत्य घटना सुनाते हुये कहा कि एक स्थान पर प्रात:काल में खेत की पगडंडी से होकर शौच को जा रहा था देखा रास्ते में पांच फुट का काला सांप फन फैलाऐ क्रोधित मुद्रा में बैठा है लगभग 7-8 फिट की दूरी थी हमने उसको देखा उसने हमको देखा तब मेरे स्मरण में भक्तामर का यही स्लोक आया स्लोक पूरा हो उसके पहले ही सांप ने अपना फन समैटा और एक तरफ निकल हमें रास्ता प्रदान कर दिया मुनि श्री ने कहा कि आपके अच्छे भावों को वह जीव भी समझते है कितना भी खतरनाक से खतरनाक प्राणी हों अपने विवेक को जाग्रत रखिये यदि उनकी जान का खतरा न हो तो वह कभी हमला नहीं करते। ऐसे कयी उदाहरण सामने आऐ है।दूसरी घटना उदयपुर राजस्थान के चातुर्मास की सुनाते हुये कहा शौच का जो स्थान था वंहा दो दिन लगातार विराटसागर महाराज को काला नाग दिखा महाराज ने उससे अपनी ही भाषा में कहा कि है नागराज हमें यंहा चौमासे में रोज रोज आना है, आपको भी कष्ट न हो और हमें भी कष्ट न हो आप अपना स्थान बदल लो... इतना कहना था कि वह सांप फिर पूरे चार माह तक हम लोगों को दिखाई नहीं दिया। मुनि श्री ने कहा कि सांप क्रोध लोभ और आसक्ती का प्रतीक है, भगवान को अपने ह्रदय में वसा लोगे तो आपके अंदर से क्रोध लोभ और आसक्ती घट जाएगी। उन्होंने कहा कि धन की आसक्ती के साथ यदि मरण होता है तो वह जीव सर्प की योनी में ही जन्म लेता है इसलिये धन के प्रति आसक्ती और लोभ कभी नहीं करना चाहिये कहते भी तो है कि वह तो नाक फुला कर बैठा है। उन्होंने भक्तामर की महिमा बताते हुये कहा कि जंहा भगवान का साथ होता है वंहा युद्ध में बलशाली राजा भी परास्त हो जाते है। महाभारत का उदाहरण आपके सामने है। कौरवों के साथ 11 अक्षुणी सैना थी तो वंही दूसरी और पांडवों के पास श्री कृष्ण थे अर्थात पुण्य के प्रभाव और पराक्रम से वह 11अक्षुणी सैना हार गयी और पाडवों की जीत हुई थी मुनि श्री ने कहा कि जिसके ह्रदय में भगवान विराजमान हो जाते है उसके अंदर के विकार स्वत:नष्ट हो जाते है। मुनि श्री ने कहा कि पहले के जमाने में देश विदेश में जाने के लिये बड़ेबड़े जलयान से लोग यात्रा करते थे और यात्रा करते समय भगवान का नाम लेकर ही जाते थे आजकल भी आप लोग जब भी घर से यात्रा पर निकलो तो भगवान का नाम जाप के साथ ही निखलना चाहिए तथा यात्रा के दौरान चारों प्रकार के आहार का त्याग रखना चाहिये।इससे यदि कभी संकट आ जाऐ तो आप दुर्घटना से बच जाऐंगे और यदि कभी दुर्घटना हो भी गयी तो दुर्गति से तो बच ही जाओगे। उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया गुरुवार को भक्तामर स्त्रोत्र पाठ के अड़तालीस काव्य पूरे हो जाऐंगे। मुनि श्री के विगत दिनों हुये प्रवचनों को संघान सागर महाराज ने लिपीवद्ध कर अर्थ सहित व्याख्या का संपादन किया है एवं आगामी दिनों में यह लगभग तीन सौ पचास पृष्ठ में यह एक पुस्तक के रुप में आप सभी के सामने होगी। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज मंचासीन रहे प्रवक्ता अविनाश जैन, एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया अध्यक्ष अशोक डोसी, नवीन आनंद गोधा महामंत्री हर्ष जैन सहित सभी पदाधिकारियों ने गुणायतन से जुड़ने बाले नवीन सदस्यों को समृति चिन्ह तिलक अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ एवं संचालन बाल ब्र.अशोक भैया ने किया।

**-अविनाश जैन**

**रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन-2024**

# राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न मदों पर किए जाने व्यय मानक दर का निर्धारण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 के निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के द्वारा विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर निर्धारण किया है। राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को वाहन, लाइट, माइक, शमियाना, डेकोरेशन, भोजन, वीडियोग्राफी व प्रचार सामग्री एवं अन्य विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा सहमति के उपरांत निर्धारित किया गया है। तय दरों में लडडू प्रतिनग 5 रूपए तो मटठा पैकेट प्रतिनग 10 रूपए निर्धारित किया गया है। वहीं छोटी माला प्रतिनग के लिए 15 रूपए, बडी माला के लिए 50, वीआईपी माला के लिए 300 रूपए, मोटी माला के लिए 900 रूपए, छोटे गुलदस्ते के लिए 60 रूपए व बडे के लिए 110 रूपए प्रतिनग, खुले फूल प्रतिकिलो 80 रूपए, प्रोजेक्टर प्रतिदनि के लिए 3500 रूपए निर्धारित किया गया है।

वाहन चालक 700 रुपए प्रति व्यक्ति, बुजडोजर जे.सी.बी. 1300 रूपए, डिजाईन वाहन थार- 2200 रूपए प्रतिदिन, जीएसटी, पेट्रोल, डीजल, ओपन वाहन 1200 रूपए के साथ जीएसटी, पार्टी डिजाइन वाहन 2200 रूपए के साथ जीएसटी, मारूति डिजायर 900 रूपए, मारूति इग्निस 960 रूपए, मेटाडोर 1440 रूपए, टाटा पिकअप 1400 रूपए, मिनी बस ए.सी. 2640 रूपए, मिनी बस (नॉन ए.सी.) 2160 रूपए, ए.सी. बस 40 सीटर- 5400 रूपए, ए.सी. बस 40 सीटर- 3240 रूपए, मारूटि वैन 840 रूपए, ट्रेवलर बस 14 सीटर 1680 रूपए, सेडार टाइप कार 960 रूपए, फॉरचुनर-फोर्ड एन्डोवर-पजेरो 3600 रूपए, एक्टिवा 250 रूपए, पल्सर 300 रूपए, बुलेट 500 रूपए के हिसाब से दर तय की गई। पंडाल और वुडन मंच निर्माण के लिए 13 से 25 रूपए प्रति वर्ग फीट, वहीं सामान्य बुके के लिए 170 व वीआईपी बुके 350 रूपए, सामान्य पोस्टर के लिए 5 व पोस्टर फलैक्स के लिए 8 रूपए प्रति वर्गफीट, पानी जार के लिए 35 रूपए प्रतिनग, पटाखा लडी प्रति नग 180 रूपए व पटाखा बम के लिए प्रति बाक्स 6 नग के लिए 144 रूपए आदि प्रतिदिन निर्धारित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ के मीडिया टीम ने किया आईसीपी श्रीमंतपुर में यात्री आवागमन और निर्यात-आयात व्यापार अवलोकन

**अगरतला ( पीआईबी )।** छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम ने आज त्रिपुरा राज्य के सिपाहीजला जिले के सोनामुरा स्थित यात्री आवागमन और निर्यात-आयात व्यापार केन्द्र आईसीपी श्रीमंतपुर जो कि लैंडपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के अधीन है का दौरा किया। लैंड पोर्ट श्रीमंतपुर भारत और बांग्लादेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है, जो सोनामुरा सब-डिवीजन शहर से लगभग 4 किलोमीटर और त्रिपुरा के अगरतला शहर से 63 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। लैंड पोर्ट पड़ोसी देश के कोमिला जिले से केवल 8-10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और इस प्रकार यह भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार के लिए एक अत्यंत व्यवहार्य और लागत-कुशल मार्ग है।

लैंड पोर्ट श्रीमंतपुर टर्मिनल श्री प्रदीप साहा ने बताया कि मिनस्ट्री ऑफ शिपिंग के तहत इनलैंड वाटरवेस अथॉरिटी आफ इंडिया द्वारा में गोमती नदी पर एक फ्लोटिंग जेटी भी है जो त्रिपुरा और बांग्लादेश के कोमिला जिले से होकर

### बीएसएफ के इंडो-बांग्ला बार्डर चेक पोस्ट का किया दौरा

बहती है। वाटरवेस बांग्लादेश के दाउदकंडी से सोनमुरा तक चिन्हांकित किया गया है। इसमें से बांग्लादेश की ओर 93 किलोमीटर और भारत की तरफ 01 किलोमीटर जलीय मार्ग है। यदि यह जलमार्ग ऑपरेशनल हो जाता है तो त्रिपुरा अंतर्देशीय जल परिवहन के मानचित्र में भी शामिल हो जाएगा और इससे बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

भारत-बांग्लादेश की सीमा की रक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल के 81 बटालियन के कमांडिंग आफसिर श्री राकेश सिन्हा ने बताया कि इस साल जुलाई में पड़ोसी बांग्लादेश में भड़की हिंसा और उथल-पुथल के दौरान बांग्लादेश में पढ़ने वाले लगभग 6000 भारतीय छात्र आईसीपी, श्रीमंतपुर और अगरतला के रास्ते भारत आए थे। बीएसएफ और आईसीपी ने भारतीयों को निर्बाध मार्ग, भोजन, परिवहन और चिकित्सा सहायता प्रदान करके भारतीयों की मदद करने में बहुत मदद की।

श्री राकेश सिन्हा ने बताया कि बीएसएफ सीमा पर रहने वाले नागरिकों के दिल में सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगा इसका प्रयास करता है। इसके अलावा भारत की सम्प्रभुता अक्षुण रहे इसके लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ सीमा सुरक्षा के साथ ही समाज कल्याण, शिक्षा और प्री-रिक्रुटमेंट ट्रेनिंग के लिए भी कार्य कर रहा है।

श्री सिन्हा ने छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम से बात करते हुए बताया कि बीएसएफ के लिए स्मगलिंग और गैरकानूनी तरीके से घूसपैठ एक चुनौती है। इसे रोकने लिए बीएसफ भरसक प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सीमा पर जिन किसानों के खेत हैं उन्हें विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने खेतों पर खेती-किसानी कर सकें। इसके अलावा सबसे बड़ी चुनौती है नकली आधार और वोटर आईडी कार्ड जिसके वेरिफिकेशन के लिए बीएसएफ के पास और साधन नहीं हैं।

# दान देना काफी नहीं है, पैसे कहां लग रहे, यह देखना भी जरूरी : विराग मुनि जी

### श्री दादाबाड़ी में उपधान तप के मौके पर विशेष प्रवचन श्रृंखला



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दान देना काफी नहीं है। आपके दिए पैसे कहां लग रहे हैं, यह देखना भी जरूरी है। अगर आपके पैसों का इस्तेमाल गलत कामों में हो रहा है, तो पुण्य बांधते हुए भी आप पाप का बंधन कर लेंगे। उपधान तप के अंतर्गत श्री दादाबाड़ी में जारी विशेष प्रवचन श्रृंखला में बुधवार को श्री विराग मुनि म.सा. ने ये बातें कही।

उन्होंने कहा, चार तरह के दान में सुपात्र दान को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। आज दान के लिए या तो लोगों को सुपात्र नहीं मिलते, या सुपात्र ऐसे दानियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ये सब पंचम आरे का प्रभाव है, जिसके बारे में प्रभु महावीर ने आज से 2100 साल पहले ही बता दिया था। उनके मुताबिक 21, 000 हजार साल के पंचम आरे में एक वक्त ऐसा भी आएगा जब गोचरी में आए साधु आहार की शुद्धता के बारे में पूछने पर श्रावक-श्राविकाओं की निंदा का सामना करेंगे। वहीं अगर कोई कोई साधु आकर मन की इच्छा बताकर खाना मांगे तो उसे अच्छा माना जाएगा। मतलब धर्म की शुद्धता रास नहीं आएगी। इसकी जगह राग-द्वेष में फंसे पाखंडियों को महात्मा मानकर पूजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम 5-10 प्रतिशत पर ही खड़े हैं। देख लीजिए। आपके चारों ओर क्या स्थिति है? आज तो श्रावक-श्राविकाओं में ही विसंगतियां दिख रहीं हैं। आगे चलकर साधु महात्मा भी ऐसे ही मिलेंगे। धर्म को बचाना और शासन को बुलंद रखना है तो आत्म सुधार पर ध्यान देना होगा। पहले खुद सुधरेंगे, तभी तो दुनिया को सुधार पाएंगे। खुद का ठिकाना नहीं तो दूसरों को कैसे संभालेंगे?

### जिंदा रहेंगे तो संभावनाओं की कमी नहीं, मर गए तो क्या

मुनिश्री ने कहा, जीवन में कभी इतना निराश भी न होना कि आत्महत्या के ख्याल आने लगें। जीते जी अनेक संभावनाएं हैं। मर गए तो क्या हासिल होगा? जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों के लिए किसी को दोष न दें। सुख-दुख हमारे अपनों ही कर्मों के परिणाम होते हैं। कथा सुनने को लेकर उन्होंने कहा कि सत्संग में सुनी गई बातों को व्यवहार में लाते हैं, तो कथा सुनने का कोई अर्थ निकलता है। अगर टाइम पास के लिए कथा सुन रहे हैं तो पुण्य कमाने की जगह पाप ही बांध रहे हैं।

### आज तपस्वियों और मुमुक्षुओं का पत्रिका आलेखन

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि उपधान तप के अंतर्गत तपस्या कर रहे 110 तपस्वियों की मोक्ष माला और नवंबर में दीक्षा लेने जा रहे दो मुमुक्षुओं अरिहंत बुरड़ और नीलेश मेहता का पत्रिका आलेखन गुरुवार को दादाबाड़ी में संपन्न होगा। सुबह 8.30 बजे से आयोजित यह कार्यक्रम पूज्य गुरुवर विनय कुशल मुनि, नंदीशेण मुनिजी म.सा., विराग मुनि म.सा. आदि की पावन निश्रा में संपन्न होगा। लाभार्थी परिवार राजेश कुमार, राकेश कुमार बुरड़ परिवार की ओर से इस मौके पर स्वामी वात्सल्य का इंतजाम किया गया है।

# 5 मिनट की मुद्रा से गुस्सा कंट्रोल होगा : शिवनारायण मूंधड़ा

### एक्सपर्ट ने प्रैक्टिकल करके बच्चों को बताया मुद्रा करने का तरीका



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हम रूटीन लाइफ में रोजाना पांच से छह मुद्राएं एक से पांच मिनट तक करें तो लाइफ में काफी चेंजेस आ सकता है। इन मुद्राओं से गुस्से पर नियंत्रण तो पाया ही जा सकता है, नींद भी अच्छी आएगी। साथ ही ज्यादा खाने की आदत से छुटकारा मिलेगा। ये मुद्राएं हार्ट अटैक और शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द से राहत दिलाती हैं। छात्रों में एकाग्रता बढ़ती है और बुद्धि का समुचित विकास होता है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता और ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने में भी ये मुद्राएं कारगर हैं।

शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क कोचिंग में हस्तमुद्रा पर आयोजित सेमीनार में स्टूडेंट्स को इसकी जानकारी वास्तु मित्र व हस्तमुद्रा विशेषज्ञ शिवनारायण मूंधड़ा ने दी। उन्होंने बताया कि मुद्राओं में बहुत शक्ति है। इन्हें आप अपने समय के अनुसार कर सकते हैं। कुछ मुद्राएं सुबह तो कुछ शाम को की जा सकती हैं। एक्सपर्ट ने ज्ञान मुद्रा, आकाश मुद्रा, शून्य मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, प्राण मुद्रा, सुरभि मुद्रा सहित 21 मुद्राओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

ज्ञान मुद्रा में अंगूठा और इंडेक्स फिंगर को आपस में मिलाकर गोल आकृति देते है और मिडिल, रिंग फिंगर और छोटी उंगली सीधी रखा जाता है। इसे करने पर गुस्सा कंट्रोल होता है। स्टूडेंट्स करें तो एकाग्रता बढ़ती ही है और बुद्धि का विकास होता है। अधिक सोने वाले को लिमिट में नींद आती है।

मृत संजीवनी मुद्रा में अंगूठा, इंडेक्स फिंगर और मिडिल फिंगर का इस्तेमाल होता है। इंडेक्स फिंगर को मोड़कर अंगूठे के नीचे जिसे गद्दी कहते हैं, वहां लगाते हैं। फिर मिडिल फिंगर और रिंग फिंगर को मोड़कर अंगूठा को अग्र भाग से मिलाकर सबसे छोटी अंगुली को सीधी रखते हैं। किसी को हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है तो उसे यह मुद्रा रोजाना 5 मिनट करना चाहिए। किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर यह मुद्रा कराई जाए तो लाभ मिलेगा। इसे करने से घबराहट, बेचैनी दूर होती है। खाना या पानी फंसे और खांसी तो ये मुद्रा राहत देती है।

शक्ति मुद्रा में अपने दोनों हाथ की उंगलियों को आपस में फंसाकर बाएं हाथ के अंगूठे को सीधा रखें यानी वर्टिकल मुद्रा में और दाएं हाथ के अंगूठे से उसको ब्लॉक कर दें। इससे ऑक्सीजन लेवल बढ़ जाता है, पाचन शक्ति भी बढ़ती है। इस मुद्रा को अधिक से अधिक 5 मिनट तक ही करना चाहिए।

प्राण मुद्रा के लिए अंगूठा, रिंग फिंगर और छोटी अंगुली को आपस में मिलाकर मिडिल व इंडेक्स फिंगर को सीधे रखा जाता है।इसे करने से इम्युनिटी पावर बढ़ती इसलिए इसे इम्युनिटी बूस्टर भी कह सकते हैं। किसी को भूख पर कंट्रोल न हो और औसत से ज्यादा खाता हो तो इसे अवश्य करें। अनिद्रा या बॉडी में कहीं भी दर्द हो तो इसे करने से फायदा होता है।

सेमीनार के शुरुआत में संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह, शिवाजी स्कूल की प्राचार्या नफीसा रंगवाला, कोचिंग की टीचर्स शचि मिश्रा, माधवी कमलवंशी, साक्षी जैन ने वक्ता का सम्मान किया।

# हिंदू और मुस्लिम स्थापत्य शैली का अद्भुत मिश्रण है नीरमहल

**अगरतला ( पीआईबी )।** त्रिपुरा के %झील महल% के रूप में जाना जाने वाला नीरमहल गर्मियों के निवास के रूप में बनाया गया था। नीरमहल जिसका अर्थ है जल महल। यह महल भारत में अपनी तरह का सबसे बड़ा और पूर्वी भारत में एकमात्र है। भारत में केवल दो जल महल हैं, दूसरा राजस्थान में जल महल है। यह एक पूर्व शाही महल है जिसे भारत के तत्कालीन त्रिपुरा राज्य के राजा बीर बिक्रम किशोर माणिक्य बहादुर ने 1930 में रुद्रसागर झील के बीच में बनवाया था। यह महल रुद्रसागर झील के बीच में स्थित है और हिंदू और मुस्लिम स्थापत्य शैली का मिश्रण है।

खूबसूरत रुद्रसागर झील में महल बनाने का विचार महाराजा बीर बिक्रम माणिक्य बहादुर का था और वर्ष 1921 में उन्होंने ब्रिटिश कंपनी मार्टिन एंड बर्न्स को अपने लिए महल बनाने के लिए अधिकृत किया था। कंपनी को काम पूरा करने में नौ साल लगे। महाराजा बीर बिक्रम माणिक्य बहादुर 'माणिक्य राजवंश' से संबंधित थे, जिसे आज दुनिया में एक ही वंश से दूसरा माना जाता है। महल महाराजा की शानदार पसंद और हिंदू और मुस्लिम परंपराओं और संस्कृतियों को मिलाने के उनके आकर्षक विचार का प्रतीक है।

महल दो भागों में विभाजित है। महल के पश्चिमी हिस्से को अंदर महल के नाम से जाना जाता है। इसे शाही परिवार के लिए बनाया गया था। पूर्वी हिस्से में एक ओपन-एयर थिएटर है, जहाँ महाराजाओं और उनके शाही परिवारों के आनंद के लिए नाटक, थिएटर, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। महाराजा 'राजघाट' से हाथ से चलने वाली नाव से महल में जाते थे।

नीरमहल में कुल 24 कमरे और एक विशाल छत है जिस पर सर्पाकार सीढ़ियों के माध्यम से पहुँचा जा सकता है सुंदर लॉन और एक अद्भुत उद्यान है। छत से झील का नज़ारा लुभावना है। नीर-महल के अंदर दो सीढ़ियाँ हैं जो रुद्रसागर झील के पानी पर उतरती हैं।

नीरमहल, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से 53 किलोमीटर दूर मेलाघर में स्थित है। यहां पर हवाई, रेल और सड़क तीनों माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

## विकसित भारत बनाने में किसानों का योगदान...पेज-8 का शेष

और फसल चक्र अपनाकर उद्यानिकी फसलों को शामिल कर कृषकों को आय बढ़ाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा, विधायक दुर्ग श्री गजेन्द्र यादव सहित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, प्रबंध मण्डल के सदस्यगण, श्री विमल चावड़ा, श्री रामसुमन उइके एवं श्रीमती जानकी सत्यनारायण चन्द्रा उपस्थित थे।

उद्घाटन कार्यक्रम में 6 किसानों को मसूर की नई किस्म के मिनी किट प्रदान किये गये। एग्री कार्नीवाल में जॉब फेयर से चयनित 6 कृषि स्नातक विद्यार्थियों को भी विभिन्न कम्पनियों द्वारा आफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कॉफी टेबलबुक ''अग्रसर'' सहित अन्य कृषक उपयोगी प्रकाशनों का अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया। कृषि स्टार्टअप के युवा उद्यमियों को अनुदान राशि का चेक भी प्रदान किया गया। एग्री कार्नीवाल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 4 हजार किसान भाई-बहनों एवं लगभग 1 हजार विद्यार्थियों ने प्रक्षेत्र भ्रमण एवं प्रदर्शनी द्वारा कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में दूसरे दिन आज 23 अक्टूबर को ''छत्तीसगढ़ से कृषि उत्पादों के निर्यात'' पर संगोष्ठी एवं ''आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस'' पर कार्यशाला तथा ''जैव विविधता पर प्रदर्शनी'' एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। ''आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस'' पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईस्ट अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय राइस ब्रीडिंग प्रोगाम के कार्यक्रम प्रमुख डॉ. एस.के. कटियार, उपस्थित हैं। इसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के 211 वैज्ञानिकों एवं अनुसंधान कर्ताओं को मॉर्डन राइस ब्रीडिंग, स्पीड ब्रीडिंग, डेटा एनालिसिस पर जीवन्त प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे भविष्य की आवश्यकतानुसार नयी फसलों, किस्मों का विकास संभव हो सकेगा। इस कार्यशाला में इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट, मनीला, फिलीपींस, घाना, ईस्ट अफ्रीका के अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में ''छत्तीसगढ़ से कृषि उत्पादों के निर्यात'' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 उन्नतशील किसानों, युवा उद्यमियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# पीएमजीएसवाई के अधिकारी एवं ठेकेदार को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के.के. कटारे ने दिये सख्त निर्देश



**जशपुर ( विश्व परिवार )।** जिले के विकासखंड मनोरा में पी.एम. जनमन अंतर्गत स्वीकृत कुल 09 सड़कों के माध्यम से 13 PVTG बसाहटों को पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रमुख अभियंता के.के. कटारे द्वारा जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय योजना के अंतर्गत पहुंचविहीन पहाड़ी क्षेत्र में बनायी जा रही दो सड़को का निरीक्षण किया गया तथा सड़क कार्य को गुणवत्ता पूर्वक निर्धारित समयावधि मार्च 2025 तक पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये गये।

प्रमुख अभियंता द्वारा सड़क एल.042 से महरंगपाठ, लम्बाई 6.30 कि.मी. एवं एल. 042 से नवाझर लम्बाई 7.70 कि.मी. का निरीक्षण किया गया। सुदूर पहाड़ी इलाके में बसे विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह और राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति जो महरंगपाठ तथा इस मार्ग से लगे अकरीकोना एवं नवाझर में निवासरत हैं उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोड़ने में अहम भूमिका अदा करेगी। एल.042 से महरंगपाठ एवं एल.042 से नवाझर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त दोनो सडक निर्माण कार्य ठेकेदार मेसर्स अभय कन्ट्रक्शन, जशपुर द्वारा किया जा रहा है। विकासखण्ड मनोरा अंतर्गत 5 वर्ष नवीनीकरण संधारण अंतर्गत सडक लकवाकोना से सोनक्यारी, लम्बाई 23 कि.मी. के संधारण कार्य के निरीक्षण के दौरान सड़क के शोल्डर पर घास की सफाई एवं सड़क के दोनो ओर वृक्षो की पुताई करने के शख्त निर्देश दिये गये। इस क्रम में प्रमुख अभियंता द्वारा विकासखण्ड दुलदुला अंतर्गत मकरीबंधा से दुलदुला मार्ग के आर.डी. 2050 मी. पर श्रीनदी पर निर्माणाधीन 80 मी. के वृहद पुल का निरीक्षण किया गया। प्रमुख अभियंता के. के. कटारे द्वारा निर्माण कार्य के सभी ठेकेदारों एवं अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं समयसीमा में पूर्ण करने के शख्त निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता सोहन चन्द्रा, सहायक अभियंता गोपाल नायक, राजेश दुबे, उपअभियंता सुनील सोनी, जहांगीर अख्तर, संदीप कुमार एवं अजय रोशन लकड़ा तथा कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 24 अक्टूबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### यात्री बस में की जा रही थी चांदी की तस्करी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस ने एक सवारी बस से भारी मात्रा में चांदी की सिल्ली पकड़ी है। फिलहाल पुलिस चांदी की सिल्लियों को जब्त कर मामले की जांच कर रही है। जब्त चांदी की कीमत 28,33,370 रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया था। इसके तहत जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार सघन चेकिंग और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में 21 अक्टूबर 2024 को मुखबिर से मिली की एक व्यक्ति यात्री बस में भारी मात्रा में चांदी लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल में बस को रोका एवं बस में बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति सुखदेव ठाकुर से पूछताछ की गई तथा उसके बैग की तलाशी ली गई सिसमें उसके बैग से 23 नग कच्ची चांदी के टुकड़े मिले, जिनका कुल वजन 29.210 किलोग्राम था। चांदी के टुकड़ों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर व्यक्ति कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद, पुलिस ने धारा 106 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज कर चांदी की सामग्री जब्त कर ली। जब्त 23 नग कच्ची चांदी के छोटे और बड़े टुकड़े, कुल वजन 29.210 किलोग्राम की कीमत 28,33,370 रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई सायबर सेल और थाना सिंघोडा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई है।

### ट्रैफिक दुरुस्त करने डीएसपी ने किया सदर में पेट्रोलिंग

**धमतरी(विश्व परिवार)।** उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा एवं हमराह स्टॉफद्वारा शहर के सदर मार्ग में त्यौहारी सीजन होने से यातायात का दबाव अत्यधिक होने से यातायात व्यवस्थित करने घड़ी चौक से कचहरी ढलान तक एवं बालक चौक से आमापारा तक पैदल पेट्रोलिंग करते हुए दुकान के बाहर निकालकर सामान फैलाने वालों दुकानदारों को समझाईश देकर दुकान के सामानों को अदंर कराया गया। मार्ग में ठेला, पसरा लगाकर व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों को मार्ग से किनारे कराकर यातायात व्यवस्थित की गई, साथ ही दुकानों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराया गया एवं दुकानदारों को बताया गया कि ग्राहकों के वाहनों को गुरुद्वारा गली, सराय मार्केट एवं मकई गार्डन में पार्किंग करने बताया गया। दुकानों के होर्डिंग्स को बाहर न लगायें, दुकान के बाहर एक कर्मचारी रखे, जो ग्राहकों के वाहनों को व्यवस्थित कराने बताया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने के लिए इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है, जिसमें 200 से अधिक वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है, जिसमें ओव्हर स्पीड से 07, प्रेशर हार्न 30, काला शीशा लगाकर चलने वाले 10, तेज रोशनी लगाने वाले 23, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले 02, बिना सीटबेल्ट के चलने वाले 88, मालवाहन में सवारी बैठाने वाले 08 एवं अन्य धाराओं पर कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस सभी व्यवसायियों से अपील करती है, कि अपने दुकानों के सामानों को बाहर निकालकर न रखे ठेला पसरा को मार्ग में न लगाये, ग्राहकों के वाहनों को व्यवस्थित लगायें। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें, ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, नशापान कर वाहन चलायें। यातायात व्यवस्था बनाने में यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में नागरिकों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें भूमि, जल आपूर्ति, बिजली, सड़क एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 90 लोगों की समस्याओं को तत्परता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम घोटियादादर के कमार परिवार ने पीएम आवास, बिजली, नल जल कनेक्शन प्रदाय करने, ग्राम कोसमबुड़ा के यशवंत ध्रुव ने किसान पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम मुरमुरा के हेमलाल यादव ने कृषि भूमि का पट्टा प्रदाय करने, ग्राम फुलझर के दुजराम ध्रुव ने पशु शेड निर्माण एवं कृषि कार्य हेतु सौर ऊर्जा लगाने, ग्राम पंचायत बिन्द्रानवागढ़ के ग्रामीणों ने बिन्द्रानवागढ़ से कारीडोंगरी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण करने आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में आवेदकों ने प्रधानमंत्री आवास, छात्रवृति राशि, पीएम आवास, शिक्षक मांग, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बंदोबस्त त्रुटि, सपेरा लाइसेंस, आदिवासी छात्रावास में शिक्षक मांग, वन अधिकार पट्टा, अतिक्रमण हटाने तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे।

## कमिश्नर ने बकावंड तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के दिए निर्देश**

**क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केन्द्र-स्कूल,उचित मूल्य दुकान एवं स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के दिए निर्देश**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कमिश्नर डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के बकावंड तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट सहित तहसील ऑफिस के नायब नाजिर शाखा, वाकिल वाकिस नवीस शाखा सहित लोक सेवा केन्द्र का जायजा लिया और कार्यालयीन कामकाज की जानकारी ली। वहीं लोक सेवा केन्द्र में उपलब्ध कराई जाने वाली लोक सेवाओं के बारे में पूछा। कमिश्नर ने राजस्व के लंबित प्रकरणों एवं प्राकृतिक आपदा के तहत मुआवजा सम्बन्धी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ नियत समयावधि में निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु समयबद्ध ढंग से अभियान चलाए जाने पर जोर देते हुए इस दिशा में राजस्व एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मैदानी अमले को समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के तहत धारा 145 में दर्ज लंबित मामलों को माहान्त तक अनिवार्य रूप से निराकृत कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। वहीं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में लोक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा। कमिश्नर ने तहसीलदार एवं एसडीएम को नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, उचित मूल्य दुकान, स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी केंद्रों में समेकित बाल विकास सेवाओं की सुलभता, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सहित बच्चों की पढ़ाई एवं मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता, उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों का नियमित भंडारण एवं वितरण सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा। साथ ही राजस्व के मैदानी अमले को राजस्व सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में दस्तावेजों एवं अभिलेखों का बेहतर संधारण करने कहा। वहीं निराकृत राजस्व प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को कार्यालय एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई के लिए हर महीने तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने कहा और इसे अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित तौर पर आदत में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोटवारों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देशित किया।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले में विशेष अभियान

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा जिला दंतेवाड़ा के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष अभियान चलाये जाने निर्देशित किया गया है जिसके फलस्वरूप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन द्वारा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग की समन्वय बैठक दिनांक 21 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कस्तूरबा कक्ष में आयोजन कर विकासखण्डवार एवं जिले में शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। समन्वयक बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. अम्बस्ट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजय रामटेके, उप संचालक संतोष टोप्पो, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम, सहायक परियोजना समन्वयक राजेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे । शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग की समन्वय बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विकासखण्डवार शिविर लगाकर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष अभियान के तहत शिविर लगाने का निर्णय लिया जिसमें विकासखण्डवार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा, इसके उपरांत यदि कोई विशेष आवश्यकता वाले बच्चें छूट जाते है उन्हे जिला स्तर पर शिविर लगाकर लाभ दिया जायेगा। शिविर का आयोजन विकासखण्ड दंतेवाड़ा में 06 नवम्बर 2024, विकासखण्ड गीदम में 09 नवम्बर 2024, विकासखंड कुआकोंडा में 11 नवम्बर 2024, विकासखण्ड कटेकल्याण में 14 नवम्बर 2024 एवं जिला स्तर पर 16 नवम्बर 2024 को किया जायेगा। प्रशासन की यह मंशा है कि जिले का कोई भी विशेष आवश्यकता वाले बच्चें यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित न हो। इस विशेष अभियान में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का कार्य करेंगे। इससे दिव्यांगजनों को विभागों में जाने की जरूरत नही होगी, संबंधित सभी विभाग एक स्थान पर उपस्थित होकर दिव्यांग जनों को लाभ पंहुचायेंगे ।

## कलेक्टर दीपक अग्रवाल की तत्परता से दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना का मिला लाभ

**कलेक्टर ने तीन विवाहित जोड़ो को 50-50 हजार रूपये का चेक किया प्रदान**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की संवेदनशीलता एवं तत्परता से तीन दिव्यांग विवाहित जोड़ो को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ मिल गया है। कलेक्टर ने आज तीनों दम्पत्तियों को 50-50 हजार रूपये की चेक राशि प्रदान किया। साथ ही उन्हें वैवाहिक जीवन खुशहाली के साथ बिताने की शुभकामनाएं भी दी। शासन की योजना के तहत प्रोत्साहन राशि मिलने से तीनों विवाहित जोड़ों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल का आभार जताया। दरअसल जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम कुम्ही निवासी दृष्टि बाधित दिव्यांग विजय कुमार टण्डन की विवाह ज्योति, ग्राम बिजली निवासी श्रवण बाधित दिव्यांग चोवा राम निषाद की विवाह सती निषाद एवं ग्राम हाथबाय निवासी श्रवण बाधित दिव्यांग रूपेश निषाद की विवाह तामिन निषाद से हुई है। तीनों जोड़ों ने समाज कल्याण विभाग के जिला कार्यालय में प्रोत्साहन राशि के लिए आवदेन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के संज्ञान में आने पर उन्होंने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार आवेदनों के निराकरण के लिए आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कर तीनों दिव्यांग जोड़ो को प्रोत्साहन राशि जारी कर दिया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वयं तीनों जोड़ो को चेक राशि प्रदान कर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी के कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 18 पौवा देशी शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली को मुखबिर के सूचना मिली की एक व्यक्ति हनुमंत नगर जाने के मार्ग गोकुलपुर चौक के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं कि सूचना के आधार पर शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी मानिक लाल डहरिया के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1,820 रूपये एवं बिक्री रकम 520 रूपयेको जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए)ख आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राज्य में आगामी 14 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी कार्य को सूचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले योजनाओं में से एक है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, शौचालय एवं बिजली तथा इंटरनेट आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार धान की बिक्री हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को 02 टोकन एवं दीर्घ कृषकों को 03 टोकन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा बॉयोमेट्रिक डिवाइस से सभी किसानों की धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को साफ-सूथरा धान को ही धान खरीदी केन्द्रों में लाना आवश्यक है। इसके अलावा केवल 17 प्रतिशत नमी तक ही धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला परिवहन अधिकारी से जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हित कर सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यकारिणी के गठन हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी।

## धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लें अधिकारी : कलेक्टर



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा धान खरीदी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में निर्धारित विभिन्न बिन्दुओं पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से प्रारंभ होगा। इस कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है। इस दौरान किसानों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केन्द्रों हेतु समुचित स्थल चयन के साथ साफ-सफाई और फेसिंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। साथ ही खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र की आवश्यकता, बायोमेट्रिक डिवाइस की उपलब्धता और आद्रमापी यंत्र का केलिब्रेशन की जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके अलावा बारदाने की उपलब्धता, भण्डारण हेतु उपलब्ध रकबा, खरीदी केन्द्र की बफर लिमिट की मात्रा की जानकारी सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी कार्य का पूरी सजगता एवं सतर्कता के साथ निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्पादन से अधिक धान की बिक्री, धान की अवैध बिक्री सहित सभी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### गेवरा खदान में डीजल चोरी करने वाले 11 गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की दीपका थाना पुलिस ने एसईसीएल की गेवरा खदान में डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफेड़ करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है. खदान के सुरक्षा निरीक्षक की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 चोरों को धर दबोचा. इसके साथ ही पुलिस ने चोरों के कब्जे से 2659 लीटर डीजल जब्त किया है, जिसकी कीमत 2,48,456 रुपये बताई जा रही है। गेवरा खदान के सुरक्षा निरीक्षक नंदलाल राय ने दीपका पुलिस को एक लिखित शिकायत दी थी, जिसमें बताया गया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग बोलेरो वाहनों में डीजल चोरी कर रहे हैं. इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा कर्मचारी राकेश कुमार सिंह और सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे. वहां उन्होंने देखा कि डोजर और डम्पर के पास डीजल बिखरा हुआ था, जिससे चोरी के संकेत मिले। गेवरा खदान में सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं और सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों के अलावा निजी कंपनी के कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है. इसके बावजूद, डीजल चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरुवार 24 अक्टूबर 2024



## व्यापार समाचार

## उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को एक हजार डीजल बस चेसिस की करेगी आपूर्ति टाटा मोटर्स

**मुंबई ( एजेंसी )।** टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि उसे उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) से टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस चेसिस की 1,000 इकाइयों की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर पिछले वर्ष प्राप्त 1,350 बस चेसिस के ऑर्डर की सफलतापूर्वक पूर्ति के बाद दिया गया है, जिन्हें वर्तमान में यूपीएसआरटीसी द्वारा कुशलतापूर्वक चलाया जा रहा है। ऑटोमेकर ने कहा कि सुरक्षित इंटरसिटी और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई %टाटा एलपीओ 1618% डीजल बस चेसिस स्वामित्व की कम कुल लागत (टीसीओ) के साथ यात्रियों के लिए आरामदायक है और इसका प्रदर्शन बेहतरीन है। टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट और कमर्शियल पैसेंजर व्हीकल बिजनेस के प्रमुख आनंद एस. ने कहा, %टाटा एलपीओ 1618% बस चेसिस को उच्च अपटाइम और कम रखरखाव तथा परिचालन लागत के साथ मजबूत और विश्वसनीय गतिशीलता प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया है। हम यूपीएसआरटीसी के मार्गदर्शन के अनुसार आपूर्ति शुरू करने के लिए तत्पर हैं। कंपनी ने कहा कि बस चेसिस की आपूर्ति पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के अनुसार चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि वह देश भर के विभिन्न शहरों और राज्यों में उन्नत बसें और सार्वजनिक परिवहन समाधान उपलब्ध कराने में अग्रणी रही है। इनमें से हजारों बसें देश की सड़कों पर सफलतापूर्वक चलती हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ती हैं तथा लाखों नागरिकों के लिए आरामदायक और कुशल दैनिक यात्रा की सुविधा प्रदान करती हैं। टाटा मोटर्स 165 अरब डॉलर वाले टाटा समूह का हिस्सा है और 44 अरब डॉलर वाला संगठन है। यह कारों, यूटिलिटी वाहनों, पिक-अप, ट्रकों और बसों का एक अग्रणी वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्माता है, जो एकीकृत, स्मार्ट और ई-मोबिलिटी समाधानों की व्यापक रेंज पेश करता है। इस बीच, यूपीएसआरटीसी ने 120 नई इलेक्ट्रिक बसों में से 20 लखनऊ में और 20 अयोध्या में चलाने की योजना बनाई है। राज्य में कुल मिलाकर लगभग 740 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, जिनमें से सभी की जमीन से ऊंचाई 90 सेंटीमीटर है।

## रॉयल एनफील्ड ने छत्तीसगढ़ में बुलेट 350 'बटालियन ब्लैक'एडिशनको लॉन्च किया




**नईदिल्ली।** मड-साइज मोटरसाइकिल सेगमेंट (250CC-750CC) में ग्लोबल लीडर रॉयल एनफील्ड ने अपनी प्रतिष्ठित बुलेट 350 का 'बटालियन ब्लैक'संस्करण लॉन्च कर दिया है। बुलेट की मशहूर मजबूती और ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस नए मॉडल को बुलेट समुदाय के प्रति एक विशेष उपहार के रूप में पेश किया गया है। स्थायी सुंदरता और बेहतरीन डिजाइन के साथ, यह मॉडल रॉयल एनफील्ड के वफादार प्रशंसकों से गहरा जुड़ाव स्थापित करता है। इस त्योहारी सीजन में 'बुलेट बटालियन ब्लैक' एडिशनमोटरसाइकिल प्रेमियों के बीच एक नया जोश भरने के लिए तैयार है। टेस्ट राइड और बुकिंग आज से छत्तीसगढ़ के 32 अधिकृत रॉयल एनफील्ड स्टोर्स पर शुरू हो चुकी है, जहां बुलेट की समृद्ध विरासत कायम है। 90 सालों से ज्यादा समय से लगातार बन रही रॉयल एनफील्ड बुलेट आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। नई बुलेट 'बटालियन ब्लैक'एडिशनका डिजाइन उन लोगों के लिए खास है जो अपनी पसंदीदा बाइक में पुराना स्टाइल चाहते हैं। रॉयल एनफील्ड ने इस मॉडल में कुछ पुराने डिज़ाइन वापस लाकर यादों को ताजा किया है, जैसे बेंच सीट, विंटेज स्टाइल टेल लाइट, हाथों से पेंट की गई सोने की पिनस्ट्रिप्स, टैंक और साइड पैनल बैज, स्पोक व्हील्स के साथ क्रोम रिम और ब्लैक मिरर। इसमें 300 mm फ्रंट डिस्क और 153 mm रियर ड्रम ब्रेक के साथ सिंगल चैनल एबीएस भी है।

## निवा बूपा को तीन हजार करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी से मिली मंजूरी

**मुंबई( एजेंसी )।** निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने सोमवार को जानकारी दी कि कंपनी को आईपीओ के लिए बाजार नियामक से अंतिम मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आईपीओ के जरिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मंजूरी दी है। प्राइवेट इक्विटी (पीई) फर्म ट्रू नॉर्थ के नेतृत्व वाली कंपनी (पूर्ववर्ती मैक्स बूपा) ने 29 जून को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले आईपीओ में 800 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 2,200 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा। स्वास्थ्य बीमाकर्ता ने एक बयान में कहा कि वह फ्रेश इश्यू से 625 करोड़ रुपये की शुद्ध आय का उपयोग अपने पूंजी आधार को बढ़ाने, शोधन क्षमता के स्तर को मजबूत करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करना चाहता है। वित्त वर्ष 2024 में निवा बूपा का जीडीपीआई 5,499.43 करोड़ रुपये था। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर के अनुसार, खुदरा स्वास्थ्य जीडीपीआई के आधार पर, वित्त वर्ष 2024 के लिए भारतीय स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता (एसएएचआई) बाजार में निवा बूपा की हिस्सेदारी 16.24 प्रतिशत थी। यह वित्त वर्ष 2024 में 54.94 बिलियन रुपये के स्वास्थ्य जीडीपीआई के आधार पर भारत की तीसरी सबसे बड़ी और दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी है, जो वित्त वर्ष 2022 से 2024 तक 41.37 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी है। वित्त वर्ष 2022 से वित्त वर्ष 2024 तक, निवा बूपा का जीडब्ल्यूपी 41.27 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ा, जबकि इसका खुदरा स्वास्थ्य जीडब्ल्यूपी 33.41 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा। कंपनी ने कहा कि उसने अपने कारोबार में डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण अपनाया है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन को कस्टमर जर्नी, कस्टमर ऑनबोर्डिंग, अंडरराइटिंग, क्लेम में लागू किया है।

# कमिंस अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सुधार के लिए तैयार

**मुंबई( एजेंसी )।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी)सीरीज से पहले, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम सीरीज के पिछले चार लगातार संस्करणों में हार के बाद इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करेगी। भारत पिछले चार बीजीटी में खिताब बरकरार रखने में सफल रहा, जिसमें 2018-19 और 2020-21 में उनकी प्रसिद्ध सीरीज जीत शामिल है, जहां ऋषभ पंत ने गाबा में नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया के अपने गढ़ में 32 साल के अपराजित क्रम को समाप्त करते हुए शानदार जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज को मध्य क्रम में एक एक्स-फैक्टर बताया और स्टंप के पीछे उनके नियंत्रित व्यवहार पर भी प्रकाश डाला। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स के प्रेस रूम में कहा, पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में ऋषभ ने शानदार सीरीज़ खेली थी। वह हमेशा मध्यक्रम में एक्स-फैक्टर की तरह रहता है। आप कभी नहीं जानते कि आपको क्या मिलने वाला है, जो कि रोमांचक है, भले ही आप विपक्षी हों। और स्टंप के पीछे हमेशा उसके पास कहने के लिए कुछ होता है - वह बहुत मज़ेदार है, मुझे हंसाता है। कमिंस ने यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी लाइन-अप शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवाओं को कैसे आंकता है। मैंने शुभमन के खिलाफ़ थोड़ा बहुत खेला है। मैंने जायसवाल को ज़्यादा नहीं देखा है, सिर्फ़ आईपीएल में देखा है। लेकिन वे दोनों युवा खिलाड़ी लगते हैं जिन्होंने अलग-अलग फ़ॉर्मेट में काफ़ी



रन बनाए हैं। हम यहां उन पर नजदीकी नज़र रखेंगे। लेकिन हाँ, हम अभी भी सीरीज़ से कुछ सप्ताह दूर हैं, इसलिए मैं यह नहीं कह सकता कि मैंने अभी तक उनके लिए बहुत बारीकी से योजना बनाई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी। इस सीरीज में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद वाला मैच), ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो बार 2018/19 और 2020/21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 के बाद से कोई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज नहीं जीती है, जब उन्होंने घरेलू धरती पर 2-0 से जीत हासिल की थी। कमिंस ने कहा, हमें थोड़ा ब्रेक मिला है, इसलिए मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उत्साहित हूं। इसमें शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। पिछली कुछ टेस्ट सीरीज में भारत के खिलाफ हमें बहुत किस्मत नहीं मिली है, लेकिन हम हमेशा ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेलने पर गर्व करते हैं। पिछली दो सीरीज बहुत पहले हुई थीं, इसलिए मुझे लगता है कि हम इससे उबर चुके हैं। लेकिन जब हम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो हमारी उम्मीदें बहुत ज्यादा होती हैं। मुझे लगता है कि प्रशंसकों और मीडिया की भी यही राय है। इसलिए जब भी हम यहां नहीं जीतते हैं, तो निश्चित रूप से आप उन सीरीज को थोड़ा और करीब से देखते हैं। उन्होंने कहा, पिछली सीरीज, विशेष रूप से, वास्तव में कठिन थी। यह गाबा में आखिरी सत्र तक चली, और दुर्भाग्य से, हम इसे पूरा नहीं कर सके। टीम के बहुत से खिलाड़ी उसी सीरीज में खेलने वाले खिलाड़ियों जैसे ही हैं, और हम यहां सुधार करने के लिए आए हैं।

## क्लार्क ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज के रूप में बैनक्रॉफ्ट का समर्थन किया

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने 31 वर्षीय कैमरून बैनक्रॉफ्ट को टेस्ट टीम में वापस बुलाने का समर्थन किया है। उन्होंने भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शामिल करने का सुझाव दिया है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन की पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर की चोट के कारण बैनक्रॉफ्ट को भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टेस्ट टीम में वापस बुलाने का मौका मिल सकता है। क्लार्क ने स्काई के बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट पर कहा, मुझे नहीं लगता कि दो मैचों के लिए किसी को चुनना उचित है। यही बात मैंने सैम कोंस्टास के बारे में भी कही है। मुझे लगता है कि वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और मुझे अच्छा लगा कि उसने इस सत्र की शुरुआत बहुत अच्छी की है, लेकिन सिर्फ़ इसलिए कि आपने दो शतक बनाए हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी ऐसे खिलाड़ी को बाहर कर दें जिसने



पिछले चार सालों में 12 शतक बनाए हैं, जैसे कि बैनक्रॉफ्ट या हैरिस। वे लंबे समय से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेल रहे हैं, उन्होंने अगली पंक्ति में आने का अधिकार अर्जित किया है। उन्होंने कहा, अगर मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का कप्तान होता और मुझे नहीं पता होता कि पहले टेस्ट मैच में कौन ओपनिंग कर रहा है, तो मुझे बहुत निराशा होती।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे रुतुराज गायकवाड़

**मुंबई( एजेंसी ),।** राष्ट्रीय पुरुष चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 सदस्यीय भारत ए टीम का चयन किया है, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया है। बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन इस लाल गेंद दौरे के लिए गायकवाड़ के उपकप्तान होंगे, जबकि नितीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी टीम के अन्य सदस्य होंगे। मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल और नवदीप सैनी इस दौरे पर भारत ए आक्रमण की अगुआई करेंगे, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के साथ मेल खाएगा। ईशान किशन और अभिषेक पोरेल 15 सदस्यीय



भारत ए टीम में दो विकेटकीपर हैं, जो क्रमशः मैके और मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में बताया कि भारत ए टीम पर्थ में टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) के खिलाफ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी हिस्सा लेगी। भारत ए का ऑस्ट्रेलिया दौरा 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच से शुरू होगा। दूसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक मेलबर्न में खेला जाएगा। भारत ए 15 से 17 नवंबर तक पर्थ में सीनियर पुरुष टीम के साथ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड भिड़ंत के साथ दौरे का समापन करेगा। यह दौरा न केवल उन खिलाड़ियों के लिए एक अवसर के रूप में महत्वपूर्ण है जो वर्तमान में सीनियर पुरुष टीम में नहीं हैं, बल्कि एक लंबे दौरे के दौरान चोट या किसी अन्य कारण से प्रथम-टीम के खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से निपटने के लिए एक रिजर्व टीम भी प्रदान करता है, जिसमें पांच टेस्ट मैच शामिल हैं और इसके बाद सफेद गेंद की एक श्रृंखला होगी।

# फोनपे ने जारी की सालाना रिपोर्ट, डिजिटल नेटिव्स को सशक्त बनाने पर दिया जोर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** फिनटेक प्रमुख फोनपे ने सोमवार को कहा कि वह भारतीय बाजार में वित्तीय समाधान प्रदान करने में अपने नजरिए के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से अपने विजन, रणनीति, शासन और वित्तीय प्रदर्शन को शेयर किया है। कंपनी ने बताया कि वह देश में डिजिटल नेटिव्स के विकास में अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए घरेलू समाधान जारी रखेगी। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में फर्स्ट् इंडिया रणनीति और विजन पर जोर दिया है। इसमें कहा गया है कि फोनपे ने भारत में अपना स्थान बदलने से लेकर देशभर में 20 हजार से अधिक रोजगार पैदा करने, भारत की




डीपीआई पहल को शुरू करने और भारतीय इंटरनेट इकोसिस्टम में उद्योग अग्रणी निवेश करने, वित्तीय समावेशन और डिजिटल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। फोनपे ने बयान में कहा, उसका उद्देश्य एक बहु-पीढ़ी वाली भारतीय कंपनी बनाना है, जिस पर कर्मचारियों, ग्राहकों, भागीदारों और निवेशकों को गर्व हो। इस विजन की नींव मजबूत संगठनात्मक संस्कृति और मूल्य हैं। एक अनुभवी नेतृत्व टीम, प्रमुख निवेशक और एक पेशेवर निदेशक मंडल के साथ कंपनी लंबे समय तक चलने वाला विकास, मजबूत शासन और नियमों को प्राथमिकता देती है। फोनपे समूह वित्तीय क्षेत्रों में कई व्यवसायों का संचालन करता है, जो आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई और यूआईडीएआई द्वारा विनियमित हैं। कंपनी ने कहा, फोनपे एक मजबूत तकनीकी आधार पर असाधारण उत्पादों का निर्माण कर रहा है। रिपोर्ट में इनोवेशन को बढ़ावा देने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों को दर्शाया गया है और फोनपे की रणनीति को डायनमिक मार्केट में तकनीकी लचीलापन और स्केलेबिलिटी में सुनिश्चित करता है। फोनपे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा, फोनपे पर हमारा लक्ष्य ऐसा इंटरनेट प्लेटफॉर्म बनाना है, जो भारतीय नागरिकों को उनके जीवन में सुधार लाने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाते हैं।

## स्क्वैश को 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर रखे जाने पर विश्व स्क्वैश महासंघ, स्कॉटलैंड निराश

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** विश्व स्क्वैश महासंघ (डब्ल्यूएसएफ) और स्कॉटिश स्क्वैश इस खबर से बेहद निराश हैं कि स्क्वैश ग्लासगो में 2026 में होने वाले संक्षिप्त राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल दस खेलों में से एक नहीं होगा। स्क्वैश, जो लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों में अपना ओलंपिक पदार्पण करेगा, कुआलालंपुर 1998 में पहली बार आयोजित होने के बाद से राष्ट्रमंडल खेलों का एक मुख्य खेल रहा है। हालांकि, ग्लासगो 2014 खेलों में शानदार स्क्वैश प्रतियोगिता के बाद स्कॉट्सटाउन में मौजूदा बुनियादी ढांचे के बावजूद, यह निराशाजनक है कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की असाधारण परिस्थितियों के कारण 2022 में खेलों की संख्या 19 से कम होने के बाद भी स्क्वैश को शामिल किए जाने के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, यह निर्णय स्कॉटलैंड और राष्ट्रमंडल के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से निराशाजनक है, जो प्रमुख खेलों में अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं।डब्ल्यूएसएफ और स्कॉटिश स्क्वैश इन एथलीटों को उनके कौशल को बढ़ाने और अपने देशों का गर्व से प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वोत्तम प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करके उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डब्ल्यूएसएफ और स्कॉटिश स्क्वैश के प्रतिनिधियों को आश्वासन मिला है कि 2026 में एक संक्षिप्त आयोजन के लिए यह निर्णय भविष्य के राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वैश को शामिल करने को प्रभावित नहीं करेगा।

## टाटा मोटर्स ने 'कस्टमर केयर महोत्सव' का उद्घाटन किया, यह कार्यक्रम कमर्शियल गाड़ियां खरीदने वाले ग्राहकों के लिए देशभर में चलाया जाएगा

**मुंबई :** भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्चू कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक्जीतक्यूटिव डायरेक्टशर श्री गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा, हम इस साल कस्टमर केयर महोत्सव को दोबारा लाकर काफी उत्साहित हैं। इसकी शुरुआत 23 अक्टूबर से हो रही है। इस दिन का हमारे लिए खास महत्व है क्योंकि हमने 1954 में अपना इसी दिन पहला कमर्शियल वाहन बेचा था। अब हम इसे कस्टहमर केयर डे के रूप में मनाते हैं। यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह महोत्सव हमारे सभी उपभोक्ताओं की जिंदगी में खुशियां बिखेरे, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में रहते हों। इससे हम अपने सभी साथियों और हितधारकों से अपने रिश्ते और मजबूत करना चाहते हैं। हम सभी ग्राहकों को अपने नजदीकी टाटा ऑथोराइज्डे सर्विस सेंटर पर आने के लिए आमंत्रित करते हैं और मुझे पूरा यकीन है कि इस पहल से उनके बिजनेस को बहुत मदद मिलेगी।'' टाटा मोटर्स के पास कमर्शियल वाहनों की एक बड़ी रेंज है।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किए खास दिवाली ऑफर्स



**मुंबई:** दुनिया के सबसे बड़े खुदरा आभूषण विक्रेताओं (ज्वेलरी रिटेलर्स) में से एक मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दिवाली के लिए खास पेशकश (ऑफर्स) की शुरुआत की है. ग्राहकों को हर खरीद पर गारंटीड गोल्ड कॉइन मिलेंगे. इसके साथ ही उन्हें गोल्ड रेट प्रोटेक्शन प्लान का भी फायदा मिलेगा, जिससे सोने के दाम में होने वाले बदलावों का असर उनपर नहीं पड़ेगा. ये ऑफर सोने, हीरे और अन्य बहुमूल्य पत्थरों के गहनों पर उपलब्ध हैं. बॉलीवुड स्टार और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के ब्रांड एम्बेसडर अनिल कपूर ने राजस्थान के जोधपुर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में त्योहारी (फेस्टिव) ऑफर्स की शुरुआत की. इस कार्यक्रम में कंपनी के भारतीय कारोबार (इंडिया ऑपरेशंस) के प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) ओ. अशेर, रीजनल हेड (नॉर्थ) एन. के. जिशाद और जोनल हेड (नॉर्थ) के.पी. अनीस बशीर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने वाले ज्वेलर के तौर पर हम इन खास दिवाली ऑफर्स की पेशकश करते हुए काफी उत्साहित हैं. हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को खरीदारी के अद्वितीय फायदे देकर और शॉपिंग का शानदार अनुभव प्रदान करके उनके त्योहारी सीजन को और खास बनाना है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024

## पुलिस बल आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 04 अक्टूबर 2023 को विज्ञापन जारी किया जाकर 01 जनवरी 2024 से 06 मार्च 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती प्रकिया के प्रथम चरण अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 16 नवंबर 2024 से रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में निर्धारित परीक्षा स्थलों मे किया जावेगा। इस हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाईट https://cgpolice.gov.in पर 04 नवंबर 2024 से उपलब्ध होंगे।



# विकसित भारत बनाने में किसानों का योगदान महत्वपूर्ण : सीएम विष्णुदेव साय

### एग्री कार्नीवाल-2024 'राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी' का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

### कृषि निर्यात, आधुनिक ब्रीडिंग तकनीक एवं जैव विविधता पर कार्यशाला एवं संगोष्ठी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर हमने 13 लाख किसानों को धान के बकाये बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित कर दी। हमने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की। पिछले साल 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और राज्य सरकार द्वारा घोषित उपार्जन मूल्य तथा दो साल का बकाया बोनस के माध्यम से किसानों के खाते में लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किये हैं। चालू खरीफ मौसम में अच्छी फसल को देखते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य में बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी का काम शुरू होगा। इस साल भी रिकार्ड धान खरीदी का अनुमान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी में युवाओं को जोड़कर इसे आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ाने के लिए आज कृषि मेले एवं उन्नत कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के विकास एवं इसे किसानों तक पहुंचाने की दिशा में भी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। एग्रीकल्चर की पढ़ाई की सुविधा अधिकाधिक युवकों को मिले और प्रदेश की खेती और संवर सकें, इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम बताया कि कृषि में स्वरोजगार के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ फसल चक्र परिवर्तन, कृषि उत्पाद की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री जी स्वयं कृषक हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में निरंतर उन्नति हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के कारण वर्तमान में धान की खेती फायदे का सौदा है। -शेष पेज 5 पर

# आयुक्त मयंक श्रीवास्तव को दी गई भावभीनी विदाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारी-कर्मचारियों ने आयुक्त और छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक श्रीवास्तव को उनके स्थानांतरण पर आज शाम नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय में भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि जनसंपर्क आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा। जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारियों ने मयंक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क के संचालक अजय अग्रवाल, अपर संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य सहित जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रायपुर रेल मंडल में 80 कार्यालयों की नगर राजभाषा कार्य एवं समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न

### राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु वृहद् एवं लघु कार्यालयों की श्रेणी में कुल 21 'नगर राजभाषा शील्ड ' भी प्रदान किये गये



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 23.10.2024 को मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की वर्ष 2024 की दूसरी अर्धवार्षिक बैठक रेल अधिकारी क्लब, उल्लास में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक के प्रारंभ में श्री बजरंग अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि अपने दैनिक कामकाज में आम बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करें तथा समय-समय पर विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को लागू करें। आपके ऐसे ही छोटे-छोटे प्रयासों से राजभाषा हिंदी के प्रति अनुकूल वातावरण तैयार होगा।''

बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के सदस्य कार्यालयों की दिनांक 01.01.2024 से 30.06.2024 तक की अवधि की राजभाषा प्रगति की समीक्षा समिति के सचिव श्री निकेश कुमार पाण्डेय द्वारा की गई। साथ ही विभिन्न मदों पर चर्चा भी की गई।

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि जिन मदों पर कमियां पाई गई हैं उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। नराकास की बैठक अन्य सदस्य कार्यालयों में भी आयोजित किए जाएं ताकि सभी सदस्य कार्यालयों में भी राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को प्रोत्साहन मिल सके।''

बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के कुल 80 सदस्य कार्यालयों एवं उपक्रमों के कार्यालय प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक का संचालन श्री निकेश कुमार पाण्डेय, सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं राजभाषा अधिकारी, द.पू.म.रेलवे, रायपुर ने किया।

बैठक के पश्चाात अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के करकमलों से राजभाषा पखवाड़ा 2024 के अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के सदस्य कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

साथ ही अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा वर्ष 2023 के दौरान सदस्य कार्यालयों को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु वृहद् एवं लघु कार्यालयों की श्रेणी में कुल 21 'नगर राजभाषा शील्ड ' भी प्रदान किये गये तथा समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने वाले कार्यालयों को सम्मानित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति में सदस्य बने मनोज मिश्रा एवं संजय बोहरा



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन गृह जेल पंचायत ग्रामीण विकास तकनीकी शिक्षा प्रौद्योगिकी विभाग के विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री प्रभारी जिला दुर्ग ने अपने विशेषाधिकार के तहत जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति में समाजसेवी संजय बोहरा और मनोज मिश्रा को आशासकीय पद पर सदस्यनियुक्ति प्रदान की विदित हो। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति का अध्यक्ष जिलाधीश, उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक और शासकीय सदस्य में वनमंडलअधिकारी वन विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी के साथ दुर्ग, भिलाई नगर निगम आयुक्त और जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य के साथ-प्रभारी अधिकारी जिला पशु चिकित्सालय दुर्ग भिलाई के सदस्य के रूप में समिति का गठन होता है।

मुख्य उद्देश्य पशु धन के प्रति होने वाली कुर्ता, निर्दता और अनुचित व्यवहार पर नियंत्रण रखना और पशुधन के साथ कुर्ता और बुरा व्यवहार करने वाले के विरुद्ध विधि संवत कानून के तहत कार्रवाई करना निश्चित होता है समिति के सचिव उप संचालक पशुधन विभाग जिला दुर्ग समिति के होते हैं। पशुधन जिला क्रूरता निवारण समिति के कुछ विशेष उद्देश्यों में कुर्ता रोकने हेतु प्रचार प्रसार जन जागृति, बुरा व्यवहार न करने आदि विषयों पर जिला प्रशासन के सहयोग से जागरूक करना होता है इस नियुक्ति पत्र ग्रहण अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जी उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्याय जी दिलीप साहू जी, राजेश ठाकुर, रजनीश श्रीवास्तव, नितिन, जितेंद्र ठाकुर जीआदि समर्पित भाजपा कार्यकर्ताइस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में समिति के सचिव उपसंचालक डॉक्टर एस पी सिंह ने विभाग के द्वारा समिति के उद्देश्य कार्य और अधिकारों के बारे में जानकारी दी और बताया कि आप सब के सहयोग से हमारा जिला उत्कृष्ट कार्य करेगा।

# संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने द.पू.म. रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के विस्तार में महत्वपूर्ण प्रगति

### 159 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सफलता पूर्वक लागू की गई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के विस्तार में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब तक कुल 159 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 22 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग करने का लक्ष्य है, जिसमे 06 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग किया जा चूका है। शेष स्टेशनों पर भी भविष्य में यह आधुनिक प्रणाली स्थापित की जाएगी।

वर्तमान समय में इस परियोजना को प्रधान मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई तकनीकों को अपनाकर रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय बना रहा है। यह नई तकनीक रेलवे संचालन में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है, जिससे यात्री और माल परिवहन को एक नई दिशा और आयाम प्राप्त हुआ है।

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली सिग्नलिंग तकनीक में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जो विभिन्न रेल मार्गों पर गाड़ियों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करती है। यह प्रणाली पुरानी यांत्रिक और रिले आधारित इंटरलॉकिंग प्रणालियों की जगह लेती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नई तकनीकों जैसे कि स्वचालित सिग्नलिंग और कवच (स्वदेशी ट्रेन टकराव रोधी प्रणाली) के साथ आसानी से एकीकृत किया जा सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के आधार पर लागू किया जा रहा है, जिससे रेल परिचालन क्षमता और संरक्षा दोनों में सुधार हो रहा है। यह भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ रेल प्रणाली को और अधिक उन्नत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की विशेषताएँ :** उच्च संरक्षा- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में डिजिटल तकनीक का उपयोग होता है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है। वहीं पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। इसमें मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं होने के कारण ग़लती होने की संभावना बेहद कम हो जाती है। कम स्थान की आवश्यकता- पैनल/रिले इंटरलॉकिंग प्रणाली में बड़े पैनलों, अधिक रिले रैक और तारों की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में सॉफ़्टवेयर और न्यूनतम हार्डवेयर की जरूरत होती है, जिससे यह कम स्थान लेता है। रियल-टाइम मॉनिटरिंग- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली वास्तविक समय में सिग्नल, ट्रैक, और ट्रेन मूवमेंट की निगरानी करने की सुविधा देती है, जिससे किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सकता है। कम रखरखाव लागत- पुराने सिस्टम की तुलना में इस प्रणाली के रखरखाव में कम समय और लागत लगती है। पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में कई बार तकनीकी खराबियों के चलते उच्च रखरखाव की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्वचालित होती है और इसे कम रखरखाव की जरूरत होती है। दीर्घकालिक लागत बचत- पैनल/रिले इंटरलॉकिंग के मुकाबले, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की शुरुआती लागत अधिक हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह अधिक लागत प्रभावी होती है, क्योंकि इसके रखरखाव में कम लागत होती है।

### रायपुर दक्षिण उप निर्वाचन-2024

# अब तक 16 अभ्यर्थियों ने जमा किए अपने नामांकन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक सोलह उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज 23 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता बंजारे, निर्दलीय शेख जैनब बेगम, हैदर भाटी, राधेश्वरी गायकवाड़ ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया।

उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर 2024 तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग सम्मेलन का सफलता पूर्वक समापन

### अतिथियों द्वारा सोवेनियर का विमोचन और बेस्ट पेपर एवं मेनुस्क्रिप्त के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी योग विभाग एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान से वैश्विक शांति और प्रसन्नता के लिए योग के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में 300 से अधिक देश-विदेश से विद्यार्थी और शोधार्थी ने पेपर और मेनुस्क्रिप्त प्रस्तुत किये एवं जापान, इंडोनेसिया और अन्य देश से योग विशेषज्ञों ने ऑनलाइन माध्यम से इस भव्य योग सम्मेलन को संबोधित किया।

इस अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में कुल चार तकनिकी सेशन में पांच मुख्य वक्ता ने प्रत्येक अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार व्यक्त किये और विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पेपर प्रस्तुत किये गए। समापन समरोह में मंचासीन अतिथियों ने योग विभाग के अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन के सोवेनियर का विमोचन किया।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस के सिंह ने योग विभाग द्वारा वैश्विक शांति और प्रसन्नता के लिए योग के लिए आयोजित सफलता पूर्वक अंतराष्ट्रीय योग सम्मलेन की शुभकामनाएं दी और मंचासीन मुख्य अतिथि डॉ. काशीनाथ समागंडी और अन्य अतिथ्यों का पुष्पगुच से स्वागत किया।

आज के तकनिकी सेशन में अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर गोविन्द मिश्रा के समक्ष मुख्य वक्ता डॉ मंजू सिंह ठाकुर ने बताया की योग के द्वारा नई जीवनशैली मिलती है तथा स्वास्थ्य और खुशाल जीवन के लिए योग करना आवश्यक है। आजकल हो रहे हिंसा और भ्रष्टाचार का कारन है सामाजिक व्यक्ति का मानशिक रूप से आस्वस्थ होना। योग का अभ्यास दुनिया में बदलाव ला सकता है। योग आत्मविज्ञान है जो व्यक्ति के शारीर और मन पर कार्यरत है। अपने उद्बोधन में प्रोफ़ेसर गोविन्द मिश्रा ने कहा कि यदि योग के शब्दों पर ध्यान दिया जाये तो योग शांति और ख़ुशी का पर्याय है। ख़ुशी, प्रसंन्नता एवं आनंद का अस्तित्व ही योग है और योग केवल दर्शन नहीं विज्ञान भी है।

मुख्य अतिथि डॉ. काशीनाथ समागंडी, डायरेक्टर ऑफ मोरारजी देसी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ योग मिनिस्ट्री, आयुष मंत्राल दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त हुए कहा कि इस कार्यक्रम का सिद्धांत वासुदेव कुटुम्बकम की भावना है। इस सम्मेलन में सम्मलित सभी देश-विदेश से विद्यार्थी और शोधार्थी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अंत में मंचासीन मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता ने बेस्ट पेपर एवं बेस्ट मेनुस्क्रिप्त के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तत्पश्चात यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने धन्यवान प्रस्ताव ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक डॉ. आर. आर. एल बिरली, डीन फैकल्टी आफ आर्ट्स डॉ मनीष पाण्डेय, योग विभग से डॉ. के आर चक्रधारी, डॉ. कप्तान सिंह के साथ योग विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. राधिका चंद्राकर द्वारा किया गया।

# कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा कोलोसस-2024 स्पोर्ट्स फेस्ट में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय की फुटबॉल, बास्केटबॉल और बीजीएमआई (ऑनलाइन गेम) टीमों ने 18 से 20 अक्टूबर तक रायपुर के हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) में आयोजित कोलोसस-2024 खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीमों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के खिलाफ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, फुटबॉल और बास्केटबॉल दोनों में उल्लेखनीय जीत हासिल की, जबकि बीजीएमआई टीम एक रोमांचक टूर्नामेंट में उपविजेता रही।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में कलिंगा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कई खेल टीमों ने किया, जिनमें फुटबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), बास्केटबॉल (पुरुष और महिला), कबड्डी (पुरुष), बैडमिंटन (पुरुष), और बीजीएमआई (ऑनलाइन गेम) शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों के बीच, फुटबॉल और बास्केटबॉल टीमें प्रभावशाली रहीं, जिन्होंने अपने उल्लेखनीय कौशल और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय फुटबॉल टीम ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर और दामोदरम संजीवय्या नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लीग मैचों में आगे बढ़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल में, टीम ने एचएनएलयू, रायपुर का सामना किया और 2-1 से रोमांचक जीत हासिल करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कलिंगा विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग स्टेज में एनआईटी रायपुर और आरसीईटी भिलाई को हराया। टीम ने फाइनल में फिर आरसीईटी भिलाई से मुकाबला किया और 59-53 के स्कोर के साथ विजयी हुई। विश्वविद्यालय की बीजीएमआई टीम ने 15 टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना किया और असाधारण रणनीति और समन्वय का प्रदर्शन किया, अंतत: टूर्नामेंट में उपविजेता रही।

फुटबॉल, बास्केटबॉल और बीजीएमआई टीमों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और जीत की भावना के सम्मान में ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के माननीय अध्यक्ष और कुलाधिपति ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी, उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की और भविष्य के प्रयासों में उनकी निरंतर सफलता की कामना की। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने भी टीमों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया, खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल विभाग के कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की।




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354